


# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ ...




वर्ष -01 अंक-15 RNI UP HIN/2015/64737 पृष्ठः4, मुल्य = 4 रूपया बृहस्पतिवार, 5 जनवरी 2023

## संक्षिप्त समाचार



जयनगर /मधुबनी सिख समुदाय के के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की 356 वां प्रकाश पर्व बुधवार को शहरी क्षेत्र के मेन रोड स्थित गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा में धुमधाम के साथ मनाया गया। सिख समुदाय के लोगों ने पंच प्यारे व चार शाहबजादे की मनमोहक झांकी के साथ प्रभातफेरी निकाली।प्रभात फेरी शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए वापस गुरूद्वारा पहूंची।जहां पंच प्यारे व चारों शाहबजादे का सिख समुदाय के महिला पुरूषों ने श्रद्धा पूर्वक चरण धोकर आशिर्वाद लिया।सोमवार को गुरूद्वारा में शब्द कीर्तन व पाठ का आयोजन किया गया।इस अवसर पर गुरूद्वारा को कृत्रिम रौशनी व फूलों से बड़े ही मनमोहक ढंग से सजाया गया।देर रात्रि पाठ व अरदास का आयोजन किया गया।पाठ एवं अरदास गुरूद्वारा के ज्ञानी गौतम सिंह के द्वारा किया गया।सरदार राजू सिंह ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी सिखों के दसवें व अंतिम गुरु थे। उनके बाद उनकी आज्ञानुसार ग्रन्थ साहब को ही गुरु माना गया।प्रभातफेरी में मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, अरविन्द तिवारी, सुधीर गुप्ता, सरदार टीपू सिंह, सरदार महेन्द्र सिंह, सरदार कक्के सिंह, सरदार रौशन सिंह, सरदार सेठी सिंह, कुलदीप सिंह, हरमिन्दर सिंह, नवनीत सिंह, रंजीत सिंह, पीन्चू सिंह, नवनीत कौर, रंजीत कौर, दलजीत कौर, इन्द्रजीत कौर, प्रीतम कौर, हरप्रीत कौर, मिन्टी कौर समेत सीख समुदाय के महिला, पुरूष व बच्चों के अलावा अन्य समुदाय के महिला पुरूषों ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

## समिधा दृष्टि-दिव्यांग मिशन ने धूमधाम से मनाई लुई ब्रेल जयंती

# समिधा राष्ट्रीय दिव्यांग मिशन उदयपुर का सबसे महत्वाकांक्षी सेवा कार्य - सांसद मीणा

**दैनिक शुभ भास्कर उदयपुर / हेमंत सालवी,किशन लाल मेघवाल**

दृष्टिबाधित समाज के लिए एक ईश्वर के रूप में पूजे जाने वाले लुई ब्रेल की 214वीं जयंती विवेकानंद सामुदायिक भवन नगर निगम में संचालित समिधा दृष्टि दिव्यांग हॉस्टल विद्याथीर्यों ने धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर उदयपुर संभाग के सैकड़ों दृष्टिबाधित परिवार रंग बिरंगी वेशभूषा में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि उदयपुर सांसद अर्जुन लाल मीणा ने अपने वक्तव्य में समिधा संस्थान द्वारा दृष्टिबाधित, दिव्यांग और अनाथ बालकों की सेवा को सर्व समाज के सामने एक उदाहरण माना। सांसद मीणा ने कहा समिधा संस्थान ने अल्प समय में दिव्यांगों की सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत कर सभी को प्रेरित किया है, उन्होंने प्रत्येक सेवा कार्य में पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाया। लुई ब्रेल जयंती समारोह में समाज कल्याण विभाग निदेशक मांधाता सिंह राणावत, नगर निगम उदयपुर निर्माण समिति अध्यक्ष ताराचंद जैन, उद्योगपति निदेशक अर्चना अगरबत्ती सौरव पालीवाल, बाल कल्याण आयोग सदस्य राजीव मेघवाल, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ आभा शर्मा, दृष्टिबाधित समाज के प्रेरणास्त्रोत सर्वश्री किशन लाल शर्मा, लक्ष्मी



नारायण सोनी, लालचंद रावत आदि ने कार्यक्रम में अपने व्यक्तव्य से लुई ब्रेल को अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। समारोह में दृष्टिबाधित समाज की विभिन्न प्रतिभाओं का सांसद अर्जुन लाल मीणा द्वारा सम्मान किया, जिसमें हाल ही क्रिकेट वर्ल्ड कप टीम के विजेता दृष्टिबाधित खिलाड़ी भरत मीणा सहित विभिन्न प्रतिभाओं सर्व श्री असगर अली, प्रशांत शर्मा को सम्मानित किया। समिधा संस्थान के अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान, सचिव राघव चतुवेर्दी, संजय चतुवेर्दी, महादेव चौहान, राजलक्ष्मी, आरुषि व्यास, माया सालवी ,सुनीता सिंघवी ,काजोल लोहार, जयमाला पुरोहित आदि ने दृष्टिबाधित समाज का अभिनंदन कर मनोबल बढ़ाया तथा उदयपुर में दृष्टि दिव्यांग कॉलेज विद्यार्थी के आवास और अध्ययन हेतु बड़ा हॉस्टल अगले वर्ष से प्रारंभ करने का सभी ने संकल्प लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में गौरव नागर,ओम अग्रवाल, रमेश जोशी, जय चंपावत का विशेष सहयोग रहा तथा आभार अशोक मालवीय द्वारा प्रेषित किया।

# भागलपुर में व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए किया जाएगा बड़ा बदलाव

**गौतम सुमन गर्जना भागलपुरः** ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था का दूसरा ट्रायल मंगलवार को भागलपुर के 14 स्थलों पर किया गया. सिग्नल व्यवस्था की वजह से शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर वाहन चालक अपनी गाड़ियों के साथ परेशान दिखे.हालांकि भागलपुर पुलिस और प्रशासन की ओर से अधिकारियों और पदाधिकारियों को ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए सड़कों पर उतारा गया था. ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था ट्रायल बेसिस पर शुरू : इधर यातायात पुलिस के मुताबिक ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था को अभी ट्रायल बेसिस पर शुरू किया गया है. इसके संचालन और इससे होने वाले सुगम परिचालन में सुधार लाने के लिए अभी संशोधन सहित कई संसाधनों को भी बढ़ाया जाना है. इसको लेकर यातायात पुलिस की ओर से जिला प्रशासन और नगर निगम को प्रस्ताव भेजा जायेगा. शहरी क्षेत्र के 14 स्थलों पर शुरू हुई ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था : शहरी क्षेत्र के 14 स्थलों पर शुरू हुई इस ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था को लेकर मंगलवार सुबह से ही शहर की सड़कों पर उहापोह की स्थिति बनी रही. शहर की सड़कों पर उतरे अधिकांश लोगों को सिग्नल की शुरूआत होने की खबर नहीं थी. तो वे लोग ट्रैफिक लाइट को जम्प कर, पुरानी वन व्यवस्था का पालन करते हुए परिचालन करने लगे. दिन होते ही जब यातायात पुलिस ने चौक-चौराहों पर मोर्चा संभाला और लोगों को सिग्नल व्यवस्था की शुरूआत होने की जानकारी दी और इसका सख्ती से अनुपालन भी कराया. पर उस वक्त तक शहर के लगभग सभी चौक-चौराहे जहां ट्रैफिक सिग्नल लगाये गये हैं. वहां सभी रास्तों पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी. कुछ ऐसे जगह भी मिले जहां संकरी सड़कों पर भी लगाये गये डिवाइडर की वजह से खासा परेशानी का सामना करना पड़ा. ऐसी जगहों पर परेशानी को भांपते हुए पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों ने सिग्नल हरा होते ही दोनों साइड से वाहनों को निकलवाना शुरू कर दिया ताकि वाहनों की लंबी कतारों को कम किया जा सके. ट्रायल वर्जन शुरू- ट्रैफिक प्रभारी एसआई ब्रजेश कुमार ने बताया कि ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था का ट्रायल वर्जन शुरू किया गया है. इसमें अभी संसोधन और बदलाव की समीक्षा की जा रही है. वरीय अधिकारियों द्वारा संशोधनों को धरातल पर उतार कर उसे क्रियान्वित कराया जायेगा. कुछ ऐसे स्थल भी चिन्हित किये गये हैं जहां पर ट्रैफिक सिग्नलों की जरूरत नहीं है. इन सभी बिंदुओं पर समीक्षा कर इसकी रिपोर्ट जिला प्रशासन और नगर निगम दोनों को सौंपी जायेगी. शहर की सड़कों पर यातायात सुगम हो यह भागलपुर ट्रैफिक पुलिस की प्राथमिकता है.

## एसएसबी व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 2750 बोतल शराब जब्त

**दैनिक शुभ भास्कर दीपक कुमार की रिपोर्ट**

हरलाखी भारत नेपाल सीमा पर तौनत 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल गंगौर कैम्प अंतर्गत बीओपी फुलहर के एसएसबी व थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 2750 बोतल शराब समेत एक बाइक जब्त की गयी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार एसएसबी को सूचना मिली कि सीमा स्तम्भ संख्या 288 से करीब एक किलोमीटर पहले फुलहर गांव के बधार में कुछ धंधेबाज नेपाल से शराब लाकर इकट्ठा किए हुए है. जिसके बाद गंगौर एसएसबी कैम्प इंचार्ज मनीष कुमार ने थाना पुलिस को सूचना देते हुए पार्टी कमांडर एएसआई गुलशन कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठन कर छापेमारी के लिए भेजा. वहीं थानाध्यक्ष के निर्देश पर पुअनि अरुण दुबे दलबल के साथ टीम में शामिल होकर छापेमारी के लिए पहुंचे जहां पुलिस की भनक लगते ही सभी धंधेबाज फरार हो गए. इस बाबत गान कैंम्प इंचार्ज मनीष कुमार ने बताया कि जब्त शराब को एक बाइक समेत अग्रिम कार्रवाई हेतू हरलाखी थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है.

## देश के सत्ता पर काविज भाजपा सरकार किसान विरोधी है-रामजी यादव

जयनगर /मधुबनी बिहार राज्य किसान सभा अंचल कॉउन्सिल जयनगर के द्वारा प्रखण्ड के बेला बांध चौक पर किसान जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बिहार राज्य किसान सभा के जिला अध्यक्ष कॉमरेड रामजी यादव ने कहा कि वर्तमान समय में देश के सत्ता पर काविज भाजपा सरकार किसान विरोधी है। आज किसान ने अपने खेत और खेती बचाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। किसानों को समय पर बीज मुहैया नहीं मिल रहा है। किसान के खेत में अभी गेहू, दलहन का फसल लगा है। जिसमें यूरिया खाद की आवश्यकता है। प्रयाप्त मात्रा में बिहार को खाद की आपूर्ति होनी चाहिए। केन्द्र सरकार उस अनुपात में खाद मुहैया नहीं करा रही हैं। खाद विक्रेताओं के द्वारा खाद को किसानों को नहीं दिया जाता है। लेकिन उस खाद्य को नेपाल भेज दिया जाता हैं। जिससे किसान



परेशान हैं। कार्यक्रम के माध्यम से सभी खाद्य विक्रेताओं के यहां पदाधिकारी जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कारवाई करने की मांग की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचल अध्यक्ष कॉमरेड उपेन्द्र यादव ने किया। कार्यक्रम को बिहार राज्य किसान सभा के जिला कमिटी सदस्य श्याम प्रसाद गुप्ता, नागेश्वर यादव, बिलटू यादव,महेन्द्र दास, रामऔतार गोहीवार के अलावे अन्य ने सम्बोधित किया।

# पालीगंज में पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन के लिए पर्चा दाखिल किया

**पालीगंजः- संवाददाता वेद प्रकाश**

पालीगंज/ बुधवार को प्रखण्ड कार्यालय परिसर में मेरा पतौना पंचायत के पैक्स चुनाव को लेकर अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्यों के पद के लिए नामांकन के लिए पर्चा दाखिल किया गया।

जानकारी के अनुसार पालीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के मेरा पतौना पंचायत स्थित पैक्स का चुनाव पूर्व में समयानुसार हुई थी। लेकिन पिछले वर्ष बीमारी के कारण नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा की मृत्यु हो गयी थी। जिसके बाद पद रिक्त हो जाने के कारण कुछ महीनों पूर्व उप चुनाव कराई गई थी। जिसमे अनुराग शर्मा को लोगो ने पैक्स अध्यक्ष पद के लिए जीत दिलाई थी।



लेकिन सदस्यों को इस्तीफा दे देने के कारण पैक्स भंग हो चुकी थी। वही चुनाव आयोग के आदेशानुसार 18 जनवरी को पुनः चुनाव के लिए मतदान कराने की घोषणा की गई है। जिसको लेकर बुधवार को पालीगंज प्रखण्ड कार्यालय परिसर में नामांकन कराया गया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान अध्यक्ष पद के लिए अनुराग शर्मा व नीतू कुमारी ने पर्चा दाखिल किया है। वही कमिटी के गठन के लिए सदस्य पद पर सामान्य जाति से रणजीत कुमार, बलिराम कुमार, नरेंद्र शर्मा, चुनमुन देवी, श्यामा देवी, मधुमिता कुमारी, सुनीता देवी, विकाश कुमार, कवीन्द्र शर्मा, जितेंद्र कुमार, पिछड़ा जाति से चितरंजन कुमार, आशा देवी, राजदेनी यादव, संगीता देवी, अतिपिछड़ा जाति से अनिता देव, रूपन पंडित, सुनीता देवी, शिवपूजन राम व अनुसूचित जाति से चंद्रावती देवी, उमेश पासवान, सीताराम मोची व फुलकुमारी देवी ने नामांकन के लिए पर्चा दाखिल किया है।

## दो धंधेबाज को अंधरामठ थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया

फुलपरास अनुमंडल के नेपाल भारत सीमा पिलर संख्या 233 के करीब सुब्बाटोल गांव के समीप 1890 बोतल नेपाली देशी शराब मामा श्री के साथ दो धंधेबाज को अंधरामठ थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना अध्यक्ष सदल राम ने बताया कि गश्ती के दौरान नेपाल से



शराब लेकर आ रहे दोनों व्यक्तियों को पकड़ा गया। जिसका पहचान मखनहा गांव निवासी नवीन कुमार एवं सुमरित सदाय के रूप में की गई है। इस संबंध में थाना में कांड दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## महिला आरपीएफ सिपाही को हथियार देकर ट्रेन स्कॉट कराया जा रहा है

जयनगर /मधुबनी पूर्व मध्य रेल समस्तीपुर मंडल के जयनगर दरभंगा रेल खंड पर चलने वाली सभी एक्सप्रेस ट्रेनों में स्कॉट कर रहे आरपीएफ जवानों के सुरक्षा पर रेलवे नजर अंदाज कर रही है। मंडल के जयनगर रेलवे स्टेशन से देश के विभिन्न शहरों के बीच जयनगर से नई दिल्ली के बीच चलने वाली स्वतंत्रता सेनानी सुपर फास्ट एक्सप्रेस, जयनगर से अमृतसर शहीद एक्सप्रेस, जयनगर से अमृतसर सरयू यमुना एक्सप्रेस, जयनगर दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस, जयनगर पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस, जयनगर से मनिहारी के बीच चलने वाली जानकी एक्सप्रेस, जयनगर से भागलपुर के बीच चलने वाली भागलपुर एक्सप्रेस, जयनगर से आनंद विहार के बीच चलने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस एवं कमला गंगा इंटरसिटी पैसेंजर ट्रेनों के सुरक्षा पर रेल प्रशासन ने आरपीएफ के तीन जवानों को स्कॉट के लिए लगा रहे हैं। लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों में 21से 22 डिब्बे होतें है। इन ट्रेनों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से रेल प्रशासन के द्वारा बिना अधिकारी के तीन जवानों को हथियारों के साथ सुरक्षा के लिए स्कॉट कराया जाता है। आरपीएफ सूत्रों की मानें तो आरपीएफ जवानों के द्वारा 10 से 12 घंटा ट्रेन में स्कॉट ड्यूटी करतें हैं। आरपीएफ जवानों को हथियार भी मुहैया कराई जाती है। केवल सिपाही हवलदार के भरोसे रेलवे की सुरक्षा कराई जा रही है। ट्रेनों में घंटों स्कॉट करने के दौरान इन दिनों घने कोहरे के कारण ट्रेनों का विलंब भी आरपीएफ जवानों के लिए मुसीबत बन गई है। सूत्रों ने बताया कि ठंड और कुहरे में भी भी रेलवे के द्वारा हथियार उपलब्ध करा कर जवानों को बिना अधिकारियों के ही ट्रेन स्कॉट कराया जा रहा है। जवानों को रेस्ट नहीं मिलने के कारण आरपीएफ जवान जहां तहां होटल में खाना खा कर अपने ड्यूटी को बाखूबी अंजाम दे रहे हैं। आपकों बता दें कि जयनगर से दर्जनों की संख्या में एक्सप्रेस ट्रेनों में आरपीएफ जवानों के द्वारा स्कॉट कराया जा रहा है।

# समझें भाजपा के 'मिशन 40' की पूरी तैयारी

**गौतम सुमन गर्जना/भागलपुर**

बिहार में भारतीय जनता पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर अपना मिशन 40 शुरू कर दिया है.सितंबर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दो दौरों के बाद अब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बिहार के दौरे पर हैं.वे बूथ स्तर पर कार्यकताओं को प्रशिक्षण देने यहां आये हुए हैं.बिहार में लोकसभा की 40 सीटें हैं.2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 22 सीटें जीती थीं.तब भाजपा के साथ जदयू नहीं था.रामविलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) और जदयू में अब विलय कर चुकी उपेंद्र कुशवाहा की नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (आरएलएसपी) तब जरूर भाजपा के साथ थीं.आरएलएसपी ने 3 सीटों पर चुनाव लड़ा और उसने तीनों सीटें जीत ली थीं.रामविलास पासवान की पार्टी को 6 सीटें मिली थीं.भाजपा को बिहार में अपनी ताकत का एहसास तभी हुआ था.लेकिन 2019 में जदयू साथ आ गया और समझौते में भाजपा को अपनी जीती हुई 5 सीटें जदयू के लिए छोड़नी पड़ीं. दोनों दलों ने 17-17 सीटों पर चुनाव लड़ा और भाजपा अपनी सभी सीटें जीत लीं पर जदयू को 16 सीटें ही मिल पाई थीं.लोजपा भी एनडीए के बैनर तले 6 सीटें जीतने में कामयाब रही थी. भाजपा को क्यों है सभी सीटें जीतने का भरोसाः दरअसल,भाजपा ने 2014 में 30 सीटों पर उम्मीदवार दिये थे और उनमें 22 सीटों पर उसे जीत भी मिली थी. 10 सीटों पर सहयोगी दल लड़े, जिनमें 9 पर जीत मिली थी.भाजपा का मानना है कि सहयोगी दल भी भाजपा की वजह से ही जीते थे.जदयू ने 38 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे.उसे 2 सीटों पर जीत मिली थी.राजद 27 सीटों पर लड़ा, लेकिन उसके चार ही उम्मीदवार जीते थे.कांग्रेस 12 पर लड़ी थी,पर उसे भी 2 ही सीटों पर जीत मिली थी. 2019 की बात करें तो भाजपा,जदयू और लोजपा साथ थे.समझौते में 17-17-6 का फामूर्ला था.भाजपा और जदयू ने बराबर सीटों पर चुनाव लड़ा. जदयू के 16 उम्मीदवार जीते और भाजपा के सभी 17 उम्मीदवार जीत गये थे. लोजपा ने 6 सीटों पर जीत हासिल की थी.राजद, कांग्रेस और अन्य दलों का खाता भी नहीं खुल सका था. 2014 में वोट शेयर की बात करें तो भाजपा का 29.40 प्रतिशत, जदयू का वोट शेयर 15.80 प्रतिशत,राजद का 20.1 फीसदी था. 2019 में जदयू के लिए 5 सीटें छोड़ने के कारण भाजपा का वोट शेयर घट कर 23.6 प्रतिशत और भाजपा के सहयोग से 2014 में 2 सीटों पर सिमटने वाली पार्टी जदयू का वोट शेयर बढ़ कर 21.8 प्रतिशत हो गया था. भाजपा का मानना है कि जदयू का वोट शेयर उसके सहयोग और बराबर सीटों पर साथ में चुनाव लड़ने के कारण बढ़ा.इसीलिए भाजपा को यह विश्वास है कि उसका अपना जनाधार है और वह अपने दम पर सभी 40 सीटें जीत सकती है.ऐसा 2019 में हो चुका है, जब एनडीए ने 40 में 39 सीटों पर जीत दर्ज की थी. बिहार में 2014 से ही नरेंद्र मोदी का रहा है जलवाः बिहार में 2014 से ही नरेंद्र मोदी का जलवा रहा है. नरेंद्र मोदी के नाम पर लड़े गये चुनाव में एनडीए को 2014 में 31 सीटें मिली थीं तो 2019 में सीटों की संख्या बढ़ कर 39 हो गयी थी. भाजपा को 17, जदयू को 16 और लोजपा को 6 सीटों पर कामयाबी मिली थी.राजद का तो तब खाता भी नहीं खुला था.हाल के विधानसभा उपचुनावों और नगर निकाय चुनावों में भाजपा को जिस तरह कामयाबी मिली है, उससे उसका उत्साह बढ़ा हुआ है.यह भरोसा भी जागा है कि अपने दम पर पार्टी बिहार में उतरे तो फायदे में ही रहेगी. यही वजह है कि भाजपा के दो कद्दावर नेता अमित शाह और जेपी नड्डा ने बिहार पर फोकस किया है.रणनीति के तहत भाजपा उन इलाकों पर ज्यादा ध्यान दे रही है,जहां उसे 2014 के चुनावों में हार मिली थी. जदयू के कोटे वाली सीटें भी अब उसके पास हैं. सीमांचल कहे जाने वाले अंग प्रदेश के कुछ जिले पूर्णिया, किशनगंज,कटिहार,अररिया में भाजपा ने ज्यादा मेहनत की योजना बनाई है.अमित शाह कुछ महीने पहले ही सीमांचल का दौरा कर चुके हैं.

सभी 40 सीटों के लिए तैयारी कर रही है भाजपा : भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं.उसने सभी 40 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है. लोजपा के दो फांक हो जाने पर रामविलास पासवान के भाई पशुपपति पारस अभी केंद्र में मंत्री हैं.एक धड़े के नेता चिराग पासवान हैं.उनकी पार्टी अभी एनडीए में घोषित तौर पर तो नहीं है, लेकिन भावनात्मक रूप से वह अब भी एनडीए के साथ हैं.इसलिए उम्मीद की जाती है कि भाजपा पारस और चिराग गुट के लिए सीटें जरूर देगी.ऐसा हुआ तो कम से कम पिछले चुनाव में जिन 6 सीटों पर मूल लोजपा की जीत हुई थी, वे सीटें समझौते में लोजपा को जा सकती हैं. यानी भाजपा ने भले ही अकेले सभी 40 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा हुआ है, लेकिन एनडीए को देखते हुए वह अपने सहयोगी दलों के लिए सीटें तो छोड़ेगी ही. पिछला कट ऑफ ही मान लें तब भी भाजपा 2014 की 30 सीटों से अधिक पर अपने उम्मीदवार ७उतारेगी ही.

## मशरक बीआरसी सभागार में शिक्षक गोष्ठी सह वर्कशॉप कार्यक्रम आयोजित

**मशरख/सारण/धर्मेन्द्र सिंह/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

मशरक प्रखंड बीआरसी सभागार में प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के साथ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा मासिक बैठक सह शाला-सिद्धि वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी के द्वारा किया गया। इस बैठक में विद्यालय कंपोजिट ग्रांट, विद्यालय स्वच्छता कार्यक्रम एवं शाला-सिद्धि कार्यक्रम पर फोकस किया गया। शाला-सिद्धि कार्यक्रम के बारे में शाला सिद्धि के प्रखंड स्तरीय नोडल ट्रेनर पिंटू रंजन एवं संजय कुशवाहा के द्वारा विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया एवं इसके सभी आयामों के बारे में प्रधानाध्यापकों को अवगत कराया गया। साथ ही यह निर्देश दिया गया कि सभी प्रधानाध्यापक समय सीमा के अंदर शाला -सिद्धि प्रपत्र भरते हुए इसके साइट पर सूचना को अंकित करें। इस बैठक में प्रमुख रूप से



शिक्षक नेता धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा, संजय कुमार कुशवाहा, रहमत अली मंसूरी, मोबिनउल्लाह अंसारी, राकेश सिंह, वरुण सिंह, छविनाथ त्रिपाठी संजय सिंह,दीनानाथ साह, डीडियो धीरेन्द्र कुमार, ओम प्रकाश साह, दिलीप कुशवाहा शहीद सैकड़ों प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

## मांझी प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बीडीसी की बैठक सम्पन्न

**माँझी/सारण/ मनीष पाण्डेय मिन्टू/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

बुधवार को माँझी प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बीडीसी की बैठक गहमा-गहमी व आरोप प्रत्यारोप के बीच सम्पन्न हो गई। माँझी की प्रखंड प्रमुख कमला देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में बाल विकास परियोजना सहित अन्य मुद्दों पर सदस्यों के बीच काफी गरमा गरम बहस हुई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना में अवैध उगाही व आंगनबाड़ी का मुद्दा छाया रहा। बैठक में प्रखंड स्तर के कई पदाधिकारियों की अनुपस्थिति पर हंगामे के बाद एक निन्दा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में महम्मपुर के बीडीसी असलम अंसारी ने कहा कि पंचायत समिति की बैठक में पदाधिकारियों की अनुपस्थिति प्रतिनिधियों का अपमान है। वही उप प्रमुख मनोज सिंह ने क्षेत्र के विकास सहित अन्य मुद्दों पर अपनी बात



रखी। आंगनवाड़ी केन्द्रों पर समय से पोषाहार वितरण नही करने को लेकर जांच हेतु तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई। बैठक में विद्यालयों के पठन पाठन की भी चर्चा की गई साथ ही विद्यालयों के जाँच हेतु तीन सदस्यीय कमिटी बनाई गई जो पोषाहार एवं रंग रोगन की जांच करेगी। वही मनरेगा पर भी कमिटी गठित की गई। वह कमिटी खेतों में घेराबन्दी कर पेड़ नही लगाये गये है उसकी जाँच करेगी। बैठक में माँझी के विधायक डॉ सत्येन्द्र यादव तथा एकमा के विधायक श्रीकांत यादव ने बीडीओ रंजीत सिंह को मनरेगा भवन बनाने हेतु दस कट्ठा जमीन उपलब्ध कराने की मांग की। बैठक में शामिल होने के लिए पत्रकारों को पत्र भेजकर बुलाने के बाद बैठक से उन्हें बाहर निकाल दिए जाने पर कई सदस्यों ने कड़ी आपत्ति व्यक्त की तथा इस सम्बंध में एक प्रस्ताव पारित पारित कर अगली बैठकों में पत्रकारों को शामिल कराये जाने हेतु पहल करने की मांग की गई।

## मशरक प्रखंड अंतर्गत सिसई गांव में धूम धाम से देश की प्रथम महिला अध्यापिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई

**दैनिक शुभ भास्कर मशरक (सारण)**

मशरक प्रखंड अंतर्गत कर्ण कुदरिया पंचायत स्थित सिसई गांव मे अंबेडकर लोक सेवा संघ के तत्वधान में मांगलवार को देश की प्रथम अध्यापिका महिला, नारी मुक्ति आंदोलन के प्रणेता महान समाज सुधारक सावित्रीबाई ज्योति राव फुले की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणधीर कुमार मांझी ने किया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी गणमान्य लोग सम्मिलित हुए। इस मौके पर सर्वप्रथम उपस्थित गणमान्य लोगों के द्वारा देश की प्रथम महिला अध्यापिका स्वर्गीय सावित्रीबाई ज्योति राव फुले की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया गया। इस मौके पर अंबेडकर लोक सेवा संघ के राष्ट्रीय




अध्यक्ष रणधीर कुमार मांझी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सावित्रीबाई ज्योति राव फुले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारक, एवं मराठी कवित्री थी। उन्होंने अपने पति ज्योति राव गोविंदा राव फुले के साथ मिलकर महिला के अधिकारों एवं शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने का काम की थी। वह चाहती थी कि महिला किसी के प्रकोप का भाजक न बने, महिला शिक्षित हो, सभी महिला को उनका अधिकार मिले, आज आप सब देख सकते हैं कि हर क्षेत्र में महिला अपने कार्य क्षमता की बदौलत ऊंचे मुकाम को हासिल कर रही है, ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जिस क्षेत्र में महिला का अधिकार स्थापित न हुआ हो, देश की सीमा पर भी महिला कदम से कदम मिलाकर देश की रक्षा कर रही हैं। हम सभी को संकल्प लेना होगा कि सावित्रीबाई फुले की की पद चिन्हों पर चलते हुए समाज को आगे बढ़ाना होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोज कुमार राम, शिक्षक विनोद कुमार राम, अरविंद मांझी, गुड्डू राम, शिक्षक विनोद कुमार बैठा, अनिल पासवान, भीम पाठशाला के शिक्षक संतोष कुमार राम, दिनेश कुमार राम, सहित सैकड़ो क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## छपरा में प्रेम प्रसंग में युवक की चाकू से गोद कर हत्या

**दैनिक शुभ भास्कर माँझी/सारण/मनिष पाण्डेय/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

मंगलवार की शाम माँझी थाना क्षेत्र के गुदाहाँ कला गांव में दो युवकों द्वारा एक युवक को उसके घर से बुलाकर घर से दो सौ मीटर दूर पश्चिम पीच सड़क पर चाकू घोंप कर बुरी तरह जख्मी कर दिया गया। चीखते चिल्लाते जान बचाकर भाग रहा युवक बीच सड़क पर गिरकर छटपटाने लगा। बाद में शोर सुनकर पहुंचे परिजनों ने युवक को उठाकर माँझी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे गम्भीर हालत में छपरा रेफर कर दिया। देर रात को छपरा सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक गुदाहाँ कला निवासी बीरेन्द्र महतो का पुत्र राहुल कुमार 20 वर्ष बताया जाता है। घटना की सूचना पाकर



छपरा पहुंची माँझी थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर उसे परिजनों को सौंप दिया। बुधवार को परिजनों ने बड़ी संख्या में शामिल ग्रामीणों की मौजूदगी में माँझी श्मसान घाट पर मृतक का दाह संस्कार कर दिया।मृतक की माता सनझरिया देवी ने रो रो कर बताया कि मंगलवार की शाम करीब छह बजे गांव के ही मोनू महतो तथा रोहित महतो नामक मृतक के हमउम्र दो लड़के उसे बुलाकर ले गए। कुछ ही देर बाद राहुल के चीखने चिल्लाने की आवाज सुन दौड़े परिजनों ने देखा कि वह बीच सड़क पर खून से लथपथ होकर छटपटा रहा है तब परिजनों ने उसे उठाकर तत्काल अस्पताल पहुँचाया। परिजनों ने बताया कि उसकी जांघ में चाकू के गहरे जख्म के निशान थे। तथा खून लगातार बह रहा था। घटना के बाद सड़क पर लगभग 50 फुट की दूरी तक फैले खून के धब्बे अपराधकर्मियों के खौफनाक इरादों को बयाँ कर रहे हैं। चाकू लगने के कुछ देर बाद जख्मी राहुल बेहोश हो गया। परिजनों ने रोहित महतो तथा मोनू महतो नामक युवकों पर एक साजिश के तहत राहुल की हत्या का आरोप लगाया है घटना के सम्बंध में पूछे जाने पर गांव के कुछ लोगों ने दबी जुबान बताया कि मृतक राहुल महतो का मोनू महतो की बहन के साथ पिछले छह माह से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बात की भनक लगने के बाद से मोनू राहुल की हत्या की योजना बना रहा था। मृतक की माँ ने रोने के क्रम में बताया कि पहले भी उन दोनों ने राहुल को मार डालने की धमकी दी थी।बताते हैं कि दोनों आरोपियों ने रविवार पहली जनवरी को ही राहुल को उसके बोरिंग पर पिकनिक मनाने के दौरान मार डालने की साजिश रची थी हालाँकि उस दिन राहुल किसी कारण बच निकला। घटना के बाद मृतक का मोबाइल लेकर दोनों आरोपी व घर के अन्य लोग फरार बताये जाते हैं। हालांकि भागने के क्रम में दो लोगों की बनियापुर थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिए जाने की परिजनों ने सूचना दी है। तीन भाई व दो बहनों में सबसे बड़ा मृतक राहुल पहले सिवान में ट्रक पर खलासी का काम करता था। हालाँकि छठ में घर आने के बाद से वह यहीं पर रहकर खेतीबारी अथवा मजदूरी कर रहा था। मृतक के पिता बीरेन्द्र महतो नागपुर स्थित एक लोहा फैक्ट्री में काम करते हैं। मृतक की छोटी बहन फिरोज कुमारी की इसी वर्ष मई माह में शादी होने वाली थी।

## मुख्यमंत्री का जन समाधान यात्रा को लेकर डीएम ने की समीक्षा

**दरियापुर/ सारण/ नित्यानंद कुमार/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

प्रखण्ड क्षेत्र के मटिहान पँचायत के भैरोपुर गांव में मुख्यमंत्री जन समाधान यात्रा के लिए आगामी 9 जनवरी को यहां पहुंचेंगे वही इस यात्रा से पूर्व जिला पदाधिकारी सहित अनुमंडल स्तर के सभी



अधिकारी पँचायत के अंतर्गत सभी सरकारी योजना का समीक्षा करने पहुंच गये है और सभी विकसात्मक योजना की निरीक्षण कर रहे है वही भैरोपुर मध्य विद्यालय में स्वास्थ्य मेला लगाया गया है जिसमें सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने अपनी स्वास्थ्य परीक्षण कराया और निशुल्क दवा भी दी गई और जांच में वृद्ध रोगियों को गंभीर स्वास्थ्य समस्या को देखते हुए चिकित्सक ने बेहतरीन परामर्श लेने के लिए पीएमसीएच भी रेफर किया गया इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सभी टीम सहित प्रभारी चिकित्सा प्रभारी उपस्थित हुए वही डीएम ने भी स्वास्थ्य मेला को निरीक्षण करके आवश्यक निर्देश दिया गया

## मशरक भाजपा मंडल अध्यक्ष ने सीओ से किया अलाव जलाने की मांग

**दैनिक शुभ भास्कर मशरक (सारण)/धर्मेन्द्र सिंह**

मशरक नगर पंचायत सहित प्रखंड क्षेत्र में भाजपा मंडल अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा ने ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए लोगो की सुविधा के लिए अंचल अधिकारी से मशरक चौक चौराहे पर विशेष रूप से अलाव की व्यवस्था कराने को ले मांग किया गया । सीओ द्वारा कहा गया की सभी जगह अलाव की व्यवस्था जल्द शुरू की जायेगी.वही प्रखंड क्षेत्र मे ठंड के वजह से गगर से लोगो को निकलना कम हो गया हैं इतना ठंड पड़ने के कारण भी अभी तक सीओ द्वारा अलावा की व्यवस्था कही बाजार क्षेत्र मे नहीं देखि गई प्रखंड के हर चौक चौराहे पर लकड़ी की बोटा सीओ द्वारा भिजवा देनी चाहिए ताकि लोगो को आग की अलावा बढ़ती ठंड मे तापने से ठंड से



राहत मिलेगी लोगो से पूछने पर बताया गया की अभी तक मशरक सीओ द्वारा किसी भी प्रकार का व्यवस्था नहीं कराई गई हैं हमलोग अपना लकड़ी जलाकर आग ताप रहे हैं

## हिन्दू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष दुर्गेश गुप्ता के जेल से रिहाई होने पर मशरक मे हुआ भव्य स्वागत

**दैनिक शुभ भास्कर मशरक /सारण/धर्मेन्द्र सिंह ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

मशरक मे हिन्दू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष सह मशरक नगर पंचायत के पूर्व मुख्य पार्षद प्रत्याशी मीणा देवी के पुत्र प्रतिनिधि दुर्गेश कुमार गुप्ता नगर पंचायत चुनाव के दिन स्थानीय प्रतिनिधि द्वारा वार्ड नंबर सात कर्मचारी भवन बूथ पर कब्जा करने के दौरान दुर्गेश गुप्ता द्वारा विरोध करने के आरोप मे प्रशासन द्वारा मारा पिटा गया उसी के आक्रोश मे मुख्य पार्षद मीणा देवी के पुत्र प्रतिनिधि सहित उनके समर्थको द्वारा एस एच 73 को घंटो जाम करने के आरोप मे प्रशासन द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. वही आज बुधवार को छपरा से काफिला के साथ मशरक महावीर चौक व दुर्गा



चौक पर पहुँचते ही बैंड बाजा के साथ कार्यकर्ताओ द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया और महावीर मंदिर व दुर्गा मंदिर मे पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया. और वहा से स्टेशन रोड होते हुए अपने मशरक गोला घर के लिए पैदल मार्च कर समर्थको के साथ नारा लगाते हुए निकल गए.मौके पर उपस्थित नंदन बाबा, अतुल बाबा, सुधीर सिंह, मशरक भाजपा अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा सहित दर्जनों समर्थक मौजूद रहे

## गुदरी में चोरी के मामले पर बोले विधायक सरकार बदलते क्राइम बढ़ना स्वाभाविक



**दैनिक शुभ भास्कर सारण/अर्जुन सिंह/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

गुदरी में चोरी के मामले पर स्थानीय विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने घटना वाली जगह पर मुयाना किया.इस दौरान विधायक से दुकानदारों ने चोरी हुई घटना के बारे में विस्तार से बताया. मौके पर मौजूद भगवान बाजार थाना के अधिकारी से गस्ती बढ़ाने का निर्देश दिया.साथ ही अधिकारी से दूरभाष पर घटना की पुनरावृति न हो इसपर ध्यान देने को कहा.विधायक ने स्थानीय दुकानदारों से कहा की प्रशासन से बात हुई है उन्हें निर्देशित किया गया है लेकिन जरुरत है व्यवसाइयों को आपसी सजगता का भी. सरकार बदलते क्राइम बढ़ना स्वाभाविक है लेकिन एनडीए मजबूती से हर वर्ग के साथ खड़ा है इसलिए घबराने की जरुरत नहीं.क्राइम पर अंकुश नहीं लगा तो विरोध भी जारी रहेगा.व्यापारी वर्ग को घबराने की जरुरत हर कदम पर आपका विधायक आपके साथ है.

## जयप्रकाश विश्विद्यालय में मनाया गया लुई ब्रेल का जन्म दिवस

**दैनिक शुभ भास्कर सारण ,अर्जुन सिंह।**

कुलपति की अध्यक्षता में जयप्रकाश विश्विद्यालय में आज 4.1.2023 को लुई ब्रेल की जयन्ती मनाई गई कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2018 से 4 जनवरी को लुई ब्रेल दिवस मनाना प्रारंभ किया। कुलपति ने बताया कि फ्रांस के रहने वाले ब्रेल ने तो दृष्टिहीन के लिए ब्रेल लिपि का विकास किया,जबकि हमारे देश में आंख रहते हुए भी बहुत से बच्चे विभिन्न कारणों से नहीं पढ पा रहे हैं। कुलपति ने कहा कि जब लुई ब्रेल 3 साल के थे तब उनकी आंख में चोट लगने के कारण एक आंख मे उनके पिताजी जानकारी न होने के कारण एक आंख में दवा न डालकर वही दवा दोनों आंखों में डाल दिये और उस दवा के गलत प्रभाव के कारण 8 साल की उम्र में ही उनकी दोनों आंखों की ज्योति पूर्ण रूप से समाप्त हो



गई।14 साल की उम्र में फ्रांस के लुई ब्रेल ने दृष्टिहीनों के लिए ब्रेल लिपि का अविष्कार कर लिया था। इस अवसर पर ए के पाठक वित्त परामर्शी ,प्रोफेसर हरिश्चंद्र समायोजक महाविद्यालय विकास परिषद, प्रोफेसर अनिल कुमार सिंह परीक्षानियंत्रक, प्रोफेसर उदय शंकर ओझा,डॉक्टर पूनम सिंह अध्यक्ष स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग, डॉक्टर सरफराज अहमद नोडल आफिसर, डॉक्टर वीरेंद्र कुमार अध्यक्ष, भूगोल विभाग, डॉक्ट आशा रानी, डॉक्टर सुधीर कुमार सिंह ,डॉक्टर प्रशान्त कुमार आदि मौजूद थे।

## बनियापुर में अलाव व कम्बल के ठोष इंतजाम नहीं हुए अभी तक



**दैनिक शुभ भास्कर बनियापुर (नवनीत मिश्रा)/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

सारण प्रखण्ड क्षेत्र में लगातार भीष्ण शितलहर व कोहरे होने के बाद भी अभी तक मोर चट्टी पर नहीं हुए अलाव व कम्बल के इंतजाम नहीं हुए है बच्चे एवं बूढ़े को ठिठुरने पर बिवश कर चुकी साथ ही सभी लोगो को घरों में दुबकने पे मजबूर कर चुकी ठंड अपनी रफ़्तार में है लोग अपने घरों में कम्बल, अलाव का सहारा लिए हुए इस सर्दिली नरमी हवा ने लोगों की आवाजाही पर खासी असर डाली है सबसे ज्यादा कंनकनी हवा साथ ही ठंड का सामना उन गरीब बिन घरों वाले बच्चे व ठेलें रिक्शे वाले को करना पर रहा है लेकिन सरकार और उच्च पद पर बैठे अधिकारीयों का अभी तक ब्लॉक अस्तर पर किसी भी प्रकार के अलाव साथ ही कम्बल का कोई ठोष माकुल इंतजाम नहीं किया गया है

## ठंड और कोहरे में बढ़ी सड़क दुर्घटनाए

**दैनिक शुभ भास्कर माँझी/सारण/मनीष पाण्डेय मिन्टू**

दाउदपुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर बुधवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक स्कूली छात्र समेत दो लोग जख्मी हो गए। पहली घटना उस वक्त की है जब छपरा-सिवान मेन रोड पर स्थित नन्दलाल सिंह कॉलेज जैतपुर के समीप एक तेज रफ्तार चार चक्का वाहन के चपेट में आने से कोचिंग पढ़ने जा रहे साइकिल सवार एक छात्र गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी छात्र क्षेत्र के जैतपुर गांव निवासी जवाहर महतो का 15 वर्षीय पुत्र भीम महतो बताया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भीम दाउदपुर पढ़ने जा रहा था तभी नन्दलाल सिंह कॉलेज के पूरब एकमा से आ रही एक वाहन ने पीछे से ठोकर मार दिया और वाहन लेकर फरार हो गया। घटना के बाद जख्मी छात्र को नजदीक के किलिनीक में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि संयोग अच्छा था कि वाहन से धक्का लगने के बाद छात्र सड़क के किनारे गिर पड़ा और



साइकिल वाहन के बम्फर में फस गई। फिर वाहन चालक साइकिल को घसीटते हुए छपरा की तरफ तेजी से फरार हो गया। वही दूसरी घटना इसी मार्ग पर सोनिया गांव के समीप दाउदपुर बाजार आ रहे एक व्यक्ति को चार चक्का वाहन ने ठोकर मार दिया और वाहन लेकर फरार हो गया। जख्मी व्यक्ति सोनिया गांव के जीबोधन महतो का पुत्र प्रदीप महतो बताया जाता है।

## बैठक में पहुँचे पत्रकारों को सदन से बाहर निकालने पर अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति ने आपत्ति जताई

**दैनिक शुभ भास्कर माँझी। सारण/वीरेश सिंह/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

प्रदेश संयोजक मनोज कुमार सिंह ने सारण के डीएम राजेश मीणा को पत्र भेजकर मामले की जांच कराने तथा दोषियों पर त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है। बुधवार को माँझी में सम्पन्न बीडीसी की बैठक में शामिल होने के लिए पत्रकारों को पहले पत्र भेजकर बुलाने तथा फिर बैठक में पहुँचे पत्रकारों को सदन से बाहर निकालने पर अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति ने कड़ी आपत्ति दर्ज की है। समिति के प्रदेश संयोजक मनोज कुमार सिंह ने सारण के डीएम राजेश मीणा को पत्र भेजकर मामले की जांच कराने तथा दोषियों पर त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि इस घटना से पत्रकारों की भावना आहत हुई हैं तथा उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंची है। उन्होंने सारण के डीएम से उस नियमावली की सूचना सार्वजनिक करने की मांग की है जिसमें लोकसभा राज्यसभा विधान सभा विधान परिषद तथा जिला परिषद की बैठकों में पत्रकारों को शामिल किये जाने का प्रावधान है लेकिन बीडीसी की बैठकों में उन्हें शामिल होने की अनुमति नही दी गई है। बताते चलें कि बुधवार को माँझी के सभागार में आयोजित बीडीसी की बैठक में शामिल होने के लिए प्रखंड प्रमुख एवम बीडीओ का हस्ताक्षर युक्त पत्र पत्रकारों को प्रेषित किया गया था। पत्रकारों को भेजे गए पत्र के आलोक में बीडीसी की बैठक में पहुँचे पत्रकारों को यह कहकर बाहर भेज दिया गया कि बैठक में सिर्फ जन प्रतिनिधि ही शामिल होंगे। बीडीओ के इतना कहते ही सदन में मौजूद पत्रकार अपना विरोध दर्ज करा कर सभागार से बाहर निकल गए। बाद में बैठक के दौरान महम्मदपुर के बीडीसी मो असलम ने इस मुद्दे को गम्भीर मसला बताते हुए पत्रकारों को उक्त बैठक में शामिल करने का प्रस्ताव पारित कराने की मांग की।

## एटीएम में धोखाधड़ी करने पर दो गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर दरौंदा/सीवान/अनीस सिंह/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

दरौंदा प्रखंड मुख्यालय स्थित राय मार्केट के स्टेट बैंक एटीएम में मंगलवार की शाम धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है. बताया जा रहा है कि प्रखंड क्षेत्र के उसरी गांव के एक व्यक्ति उपेंद्र कुमार एटीएम में पैसा निकालने आए थे. जहां दो युवक उनके साथ धोखाधड़ी करने लगे. उनका एटीएम लेकर भागने लगे. व्यवसाई और ग्रामीणों ने पीछा कर दोनों व्यक्ति को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया. पुलिस द्वारा तलाशी लेने के क्रम में 2 अवैध एटीएम कार्ड ₹5000 नगद एक बाइक मोबाइल फोन जप्त कर लिया गया. पुलिस ने पीड़ित के आवेदन पर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करते हुए बुधवार को सिवान जेल भेज दिया है. थाना अध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने जानकारी दी. थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सारन जिला के छोटका



किलपा गांव के रामायण राय के पुत्र रितेश कुमार एवं मुजफ्फरपुर के विनोद राय के पुत्र मिथुन कुमार के रूप में हुई है.

## 60 लीटर देसी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कररसूलपुर/सारण/अनीस कुमार/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

रसूलपुर थाना क्षेत्र के बेनौत गांव से बुधवार को पुलिस ने छापेमारी कर 60 लीटर अवैध देसी शराब बरामद किया है. थाना अध्यक्ष रामचंद्र तिवारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर छापेमारी की गई. छापेमारी के दौरान 60 लीटर अवैध देसी शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया गया है. शराब बरामद मामले में पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कर कारोबारियों से कानूनी कार्रवाई के रूप में पूछताछ कर रही है

# कुर्लिकोट थाना परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर दोनों पुलिसकर्मियों को ससम्मान विदाई दी गई

**दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**

किशनगंज ठाकुरगंज प्रखंड के कुलीकोट थाना में पदस्थापित दो पुलिसकर्मियों को ससम्मान विदाई दी गई,इस दौरान सभी पुलिसकर्मियों की आंखें हुई नम` प्राप्त जानकारी के अनुसार किशनगंज के ठाकुरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत स्थित कुर्लिकोट थाना में पदस्थापित मोहम्मद सब्बीर आलम और मोहम्मद इमरान आलम जो की होमगार्ड के पोस्ट पर पदभार संभाल रहे थे,उनका 60 साल का कार्यकाल समाप्त हो गया,जिसके पश्चात थाना परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर दोनों पुलिसकर्मियों को ससम्मान विदाई दी गई` थाना अध्यक्ष इकबाल अहमद खान ने बताया कि विदाई सम्मान कार्यक्रम आयोजन कर मोहम्मद इमरान आलम और शब्बीर आलम को 60 साल पूर्ण होने पर सम्मान सहित विदाई दी गई,इस दौरान दोनों को माला पहनाकर तथा शाल ओढ़ाकर किया गया सम्मानित ठाकुरगंज थाना अध्यक्ष सतीश कुमार हिमांशु ने बताया कि वे दोनों कुलीकोर्ट थाना में अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ किया है,और अब उनके कार्यकाल खत्म होने पर सभी पुलिसकर्मी के आखें नम है इस दौरान कार्यक्रम में कुलीकोर्ट थाना अध्यक्ष इकबाल अहमद खान,गलगलिया थानाध्यक्ष सरोज कुमार, ठाकुरगंज थाना अध्यक्ष सतीश कुमार हिमांशू सहित दर्जनों पुलिसकर्मीगण रहे उपिस्थित



# कटहारा कदमपुरा व किशनपुर दक्षिण में संचालित योजनाओ में बरती जा रही है अनियमितता

**किशनपुर (सुपौल) लालबहादुर यादव**

प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत कटहारा कदमपुरा एवं किशनपुर दक्षिण पंचायत में 15 वीं वित्त आयोग से संचालित योजनाओ में जमकर धांधली बरती जा रही है । सर्व प्रथम कटहारा कदमपुरा पंचायत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में 13 लाख 31 हजार की राशि से हो रहे चाहरदीवारी निर्माण कार्य में संवेदक मुखिया बालेश्वर यादव एवं पंचायत सचिव के द्वारा घोर अनियमितता बरती जा रही हैं । बता दें कि चारहदीवारी का निर्माण लोकल बालू एवं घटिया ईट से कराया जा रहा है । मामले को लेकर कनीय अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि मुखिया एवं पंचायत सचिव को बार-बार बेहतर सामग्री से चारहदीवारी निर्माण कार्य करने को कहा जाता है । लेकिन वे किसी की नहीं सुनते हैं । उन्होंने कहा कि घटिया सामग्री से कराए जा रहे निर्माण कार्य के एम बी में कटौती की जाएगी । वहीं दूसरी और किशनपुर दक्षिण पंचायत के पंचायत भवन में 15 वीं वित्त आयोग से ही 7 लाख 35 हजार की राशि से हो रहे पंचायत भवन सोनदर्यीकरण कार्य में भी मुखिया सह संवेदक बद्री मंडल व पंचायत सचिव के द्वारा अनियमितता बरती जा रही है । खासकर परिसर में हो रहे शौचालय निर्माण में धरल्ले से लोकल बालू का इस्तेमाल किया जा रहा है । मामले को लेकर पूर्व मुखिया इंद्रदेव साह ने पंचायत भवन सोनदर्यीकरण कार्य में गड़बड़ी के साथ - साथ इसके प्राक्कलन पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अदना सा पंचायत भवन के सोनदर्यीकरण कार्य में 7 लाख 35 हजार राशि खर्च किया जाना समझ से परे है । उन्होंने कहा कि वे इस मामले को लेकर आयुक्त कोसी प्रमंडल सहरसा एवं जिला पदाधिकारी के समक्ष शिकायत कर जांच की मांग करेंगे । बता दे कि प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में 15वीं वित्त आयोग की राशि में जमकर लूट मचाई जा रही है । इसको देखते हुए बीजेपी के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जगदीश प्रसाद यादव ने भी आयुक्त कोशी प्रमंडल सहरसा एवं जिला पदाधिकारी सुपौल से आग्रह कर प्रखंड अंतर्गत 15 वीं वित्त आयोग की राशि के तहत कराए गए विकास कार्यो के संपूर्ण जांच की मांग की है । ताकि एक बड़ा भ्रष्टाचार का खुलासा हो सके ।



# 14 गौवंश को 03 तस्करों सहित गिरफ्तार किया गया

**दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**

किशनगंज ठाकुरगंज में 19 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ठाकुरगंज की जी समवाय सुखानी के जवानों द्वारा गस्ती के दौरान भारत-नेपाल सीमास्तंभ संख्या 118/01 से 03 किमी.की दूरी ( भारत की ओर ) 14 गौवंश को 03 तस्करों सहित गिरफ्तार किया गया जो इन गौवंश को नेपाल से भारत में अवैध तरीके से ला रहे थे सीमाचौकी सुखानी में तैनात सहायक उप निरीक्षक सुभाष चन्द्र के साथ एस.एस.बी. के जवानों ने गस्त के दौरान देखा कि भारत-नेपाल सीमास्तंभ संख्या 118/01 से 03 किमी.की दूरी (भारत की ओर ) तीन तस्कर 14 गौवंश के साथ नेपाल से भारत की ओर आ रहे थे, जिसे गस्त दल द्वारा रोकने की कोशिश करने पर तस्कर गौवंश छोड़कर भागने लगे लेकिन गश्ती दल द्वारा सभी 03 तस्करों को मयगौवंश अपनी हिरासत में ले लिया गया जब्त किए गए सभी गौवंश एवं तीनों तस्करों को आवश्यक कागजी कार्यवाही के साथ पुलिस स्टेशन सुखानी में जमा करवाने की कार्यवाही की जा रही है तस्करों में 01.मो.आजाद पुत्र हसन अली ग्राम पोरवीटा ठाकुरगंज 02.फट पुत्र जिजुल ग्राम घेराबाड़ी ठाकुरगंज 03.सरबर आलम पुत्र इस्लामुद्दीन ग्राम समलालवीटा ठाकुरगंज बताया जा रहा है पूरी कार्यवाही के दौरान सहायक उप निरीक्षक सुभाष चन्द्र मुख्य आरक्षी साधन रॉय बीरबल आरक्षी रणवीर सिंह सुखविंदर रुपेश हाजरा बेलोचन स्विन ललन कुमार संजय कुमार शेख शमिमुद्दीन जवान शामिल थे

# जिला पार्षद अररिया श्री आफताब अजीम पप्पू की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक

**जिला संवाददाता मासूम रजा दैनिक शुभ भास्कर**

माननीय अध्यक्ष, जिला परिषद्, अररिया श्री आफताब अजीम पप्पू की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक डी०आर०डी०ए० सभा भवन में आहूत की गई। उक्त बैठक में सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रम अधीक्षक, सी०डी०पी०ओ०, 52 ररइ के कमांडेंट, GRP रेल थाना, गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सभी कर्मी उपस्थित थे। उक्त बैठक में बिन्दुवार बालकों के संरक्षण एवं उसके विकास पर विस्तृत चर्चा की गई तथा जिला बाल सरक्षण इकाई के अन्तर्गत सभी संचालित योजना के सुचारू रूप से संचालन प्रचार-प्रसार एवं उसके जागरूकता, पर जोर देने हेतु अध्यक्ष महोदय के द्वारा सभी उपस्थित प्रतिभागियों को निदेशित किया गया। इसके अतिरिक्त बाल विवाह, बाल श्रम एवं बाल तस्करी से जिले को निजात हेतु सभी संबंधित को मुख्य रूप से कार्य करने हेतु निदेशित किया गया है। तथा जिले में संचालित पर्यवेक्षण गृह में आवासित किशोरों के पठन-पाठन के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी से पत्राचार कर अविलम्ब शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कराने पर अध्यक्ष महोदय के द्वारा विशेष रूप से जोर दिया गया। अन्त में अध्यक्ष महोदय के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

# जिले के संबंधित बैंक शाखाओं में लंबित आवेदनों की प्रगति एवं उपलब्धि की समीक्षात्मक बैठक



**मासूम रजा जिला संवाददाता दैनिक शुभ भास्कर**

उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं यथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद उन्यन योजना अन्तर्गत जिले के संबंधित बैंक शाखाओं में लंबित आवेदनों की प्रगति एवं उपलब्धि की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय स्थित परमान सभागार में प्रभारी जिला पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त, अररिया श्री मनोज कुमार की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, अररिया, अग्रणी बैंक प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक अररिया एवं वरीय उप समाहर्त्ता बैंकिंग एवं विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित हुए। बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद उन्यन योजना अन्तर्गत जिले में कम उपलब्धि वाले बैंक क्रमशः यूको बैंक, यूनियन बैंक एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के आंचलिक प्रबंधक एवं शाखा प्रबंधक को शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

# मुख्यमंत्री बिहार की किशनगंज में समाधान यात्रा 20 जनवरी को,तैयारियां प्रारंभ

**दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**

किशनगंज बिहार ले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का प्रस्तावित समाधान यात्रा को लेकर डीएम श्रीकांत शास्त्री के द्वारा जिला प्रशासन के पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय सभा कक्ष में बैठक किया गया। उनके द्वारा सीएम के यात्रा के दौरान निर्धारित समीक्षा बैठक एवं क्षेत्र भ्रमण को लेकर बिंदुवार तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मुख्य रूप से माननीय मुख्यमंत्री के किशनगंज प्रवास में उनके रात्रि विश्राम,उनके समूहों के साथ वार्ता,क्षेत्र भ्रमण,योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण, जीविका समूह, नल जल योजना, नली गली योजना,स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड,कौशल युवा कार्यक्रम,उद्यमी योजना आदि की समीक्षा व निरीक्षण के निमित कार्ययोजना तैयार किया गया है। विदित हो कि डीएम ने 3 जनवरी की देर शाम तक जिला प्रशासन के अधीनस्थ वरीय पदाधिकारी के साथ माननीय मुख्यमंत्री की प्रस्तावित समाधान यात्रा को लेकर विचार विमर्श किया था। जिला पदाधिकारी बैठक के तुरंत बाद माननीय सीएम के क्षेत्र भ्रमण के निमित जिला प्रशासन के पदाधिकारियों के साथ डेरामरी पंचायत ( डे मार्केट ) कोचाधामन में निमार्णाधीन अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का जायजा लिया गया। लंबित कार्य के पूर्ण करने और अप्रोच रोड निर्माण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कोचाधामन के डेरामारी पंचायत में भ्रमण कर पंचायत सरकार भवन, उप स्वास्थ्य केंद्र एवं आसपास के गांव की व्यवस्था का जायजा लिया गया है। पंचायत सरकार भवन में कार्यरत विशेष सर्वेक्षण शिविर का निरीक्षण किया। मोहरमारी गांव में विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया गया। मौके पर स्थानीय ग्रामीणों से फीडबैक भी लिया गया। माननीय मुख्यमंत्री और अन्य गणमान्य वीवीआईपी के आगमन पर उनके आवासन की व्यवस्था के आलोक में स्थानीय जिला अतिथि गृह समेत अन्य भवन का भी निरीक्षण किया गया। डीएम के साथ डीडीसी, एडीएम,एसडीएम व अन्य सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।



# वार्षिक खेल कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित करने का डीएम ने दिया निदेश

**दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**

किशनगंज जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में ह्यदक्षह्न वार्षिक खेल कार्यक्रम, 2022-23 के आयोजन हेतु जिला-स्तरीय आयोजन समिति की बैठक हुई। रंजीत कुमार,उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा के द्वारा बताया गया कि इसका आयोजन कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वाधान में किया जा रहा है। इस वर्ष 27 खेल विधाओं की प्रतियोगिता का आयोजन प्रखण्ड, जिला, अन्तर्जिला (प्रमंडल-स्तर) तथा अन्तर्प्रमंडल (राज्य-स्तर) पर किया जा रहा है। ये सभी खेल विधा भारतीय ओलम्पिक समिति, खेल मंत्रालय, भारत सरकार, भारतीय खेल प्राधिकरण एवं विभिन्न मान्यता प्राप्त भारतीय खेल संघों के द्वारा मान्यता प्राप्त खेलों में शामिल है। 27 खेल विधाओं का नाम निम्नवत है:- एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिन्टन, कुश्ती, क्रिकेट, भारोतोलन, ताईक्वाण्डो, वुशू, जुडो, कराटे, तलवारबाजी, तीरंदाजी, लॉन टेनिस, टेबुल टेनिस, तैराकी, शतरंज, बॉल बैडमिंटन, बॉक्सिंग, हॉकी, हैण्डबॉल, बास्केटबॉल, रग्बी, शूटिंग एवं योगा। इसमें सात अनिवार्य खेल विधा है एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिन्टन एवं कुश्ती। हर प्रखण्ड में इन सात विधाओं में प्रतियोगिता का आयोजन कराना अनिवार्य है। पूर्व में सभी प्रखंड आयोजन समिति को प्रतियोगिता 10 जनवरी तक कराकर सूची जिला खेल कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया जा चुका है। इन 27 खेलों में अंडर 14 वर्ष, 17 वर्ष एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका भाग ले सकते हैं।आयु की गणना दिनांक 31.12.2022 के आधार पर की जाएगी। छात्र एवं छात्रा वर्ग छः एवं इससे ऊपर में अध्ययनरत होना चाहिए। जन्म प्रमाण-पत्र के लिए नगर निगम/विद्यालय के प्राचार्य/आधार कार्ड में अंकित जन्म तिथि को मान्यता दी जाएगी।प्रखण्ड-स्तरीय चयन समिति द्वारा चयनित खिलाड़ियों का चिकित्सीय जाँच आवश्यक है। बैठक में आयोजन समिति के द्वारा खेल मार्गदर्शिका के अनुरूप अधिकतम 16 खेल की प्रतियोगिता आयोजन करने हेतु जिला में संभावित/प्रचलित 16 खेल का निम्न प्रकार चयन किया गया - सात अनिवार्य खेल विधा एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिन्टन एवं कुश्ती समेत क्रिकेट, ताईक्वाण्डो,जुडो, कराटे, तीरंदाजी, टेबुल टेनिस, तैराकी, शतरंज एवं योगा। डीएम के द्वारा प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन हेतु निर्देश दिया गया कि 10 जनवरी तक सभी प्रखंड प्रतियोगिता का बेहतर आयोजन करें ताकि सभी प्रखंड में खेल का माहौल बन सके। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी व्यक्तिगत जिमेदारी के साथ प्रतियोगिता कराएंगे। डीएम श्री शास्त्री ने बताया कि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखण्ड-स्तरीय खेल प्रतियोगिता होना है। प्रखण्ड-स्तरीय खेल प्रतियोगिता में विद्यालय खेल की विधाएँ विभिन्न स्थल पर एक साथ आयोजित की जाएंगी।बैठक में उपाधीक्षक ,शारीरिक शिक्षा रंजीत कुमार ने समिति को अवगत कराया कि प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सभी सरकारी विद्यालयों/सीबीएसई एवं आईसीएसई से मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को सूचित करेंगे ताकि खेल प्रतियोगिता में सभी विद्यालयों की अनिवार्य प्रतिभागिता सुनिश्चित की जा सके। केन्द्रीय विद्यालय संगठन एवं नवोदय विद्यालय संगठन के छात्र-छात्रा विद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले सकेंगे। प्रतिभागियों को विहित प्रपत्र में योग्यता प्रमाण-पत्र विद्यालय प्रधानाध्यापक द्वारा अग्रसारण पत्र के साथ प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करना होगा।प्रखण्ड-स्तरीय प्रतियोगिता हेतु कम-से-कम पाँच विद्यालयों की सहभागिता अनिवार्य है।जिला शिक्षा पदाधिकारी आवश्यक समन्यक कराएंगे।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दक्ष जिला-स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 21 जनवरी, 2023 से 24 जनवरी, 2023 तक किया जाएगा। तिथि का निर्धारण जिला स्थापना दिवस और माननीय मुख्यमंत्री की प्रस्तावित समाधान यात्रा को ध्यान में रखते हुए किया गया है। जिला-स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन शहीद अशफाक उल्ला खां स्टेडियम,इंडोर स्टेडियम आदि स्थलों पर किया जाएगा। डीएम द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि प्रखण्ड-स्तरीय चयनित खिलाड़ियों/टीम की सूची प्रतिहस्ताक्षरित कर निबंधन हेतु जिला खेल कार्यालय, पटना को ससमय उपलब्ध कराएंगे। सभी सदस्य सचिव आयोजन समिति को मेडल, पुरस्कार, प्रमाण-पत्र, प्रतियोगिता स्थल पर शुद्ध पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था के साथ ही जीवन रक्षक दवाओं सहित प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था के साथ-साथ पेन स्प्रे, आईस क्यूब, आईस बॉक्स आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया।




# अररिया- यूथ प्रोग्रेसिव सर्किल के बैनर तले शनिवार को स्थानीय टाउन हॉल के प्रांगण में गरीब निर्धन लोगों के लिए बढ़ते हुए ठंड को

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता चंदन कुमार दास**

देखते हुए संस्था द्वारा निशुल्क कंबल वितरण किया गया जिस के मुख्य अतिथि अररिया नगर थाना अध्यक्ष शिव शरण शाह ने फीता काटकर समारोह का शुभारंभ किया इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता मो० ताहा,सत्येंद्र रजक, पूर्व विधायक विनोद कुमार राय, डॉ०इफ्तेखार, शाहबाज आलम, सादिक हाशमी, असरार आलम आदियों ने संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों की सराहना करते हुए कहा है कि ठंडी में अमीर आदमी तो अपना इंतजाम कर लेता है परंतु गरीब निःस्हाय व्यक्तियों को काफी दिक्कत होती है ऐसे में यह संस्था तन ढकने के लिए गरीबों के बीच कंबल वितरण किया गया जो सराहनीय है इस समारोह में 85 व्यक्तियों को संस्था द्वारा मुफ्त कंबल वितरण किया गया है अतिथियों का स्वागत संस्था के जिला अध्यक्ष मुजफ्फर हाशमी ने की मंच संचालन फैजान अहमद ने की समारोह को सफल बनाने में मुख्य रूप से संस्था के सचिव जाकिर हुसैन, आसिफ अली, महमूद अंसारी, गंगा प्रसाद राय, किरण झा, नसीमा खातून, अरूप कुमार विश्वास एवं कुर्बान आलम आदि उपस्थित थे।



# विभिन्न मांगों को लेकर डीलरों का एक जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

**किशनपुर (सुपौल) लालबहादुर यादव –**

प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा भवन में बुधवार को जन वितरण प्रणाली के प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार यादव की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय डीलर संघ की बैठक की गई । जिसमे डीलर द्वारा सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई ‌। संघ के प्रखंड अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि पीएमजीवाई योजना के तहत मार्जिन मनी 2020 से 2022 तक अविलंब वापस किया जाए ‌। तथा आनाज के लिए जमा की गई चालान की राशि भी अविलंब वापस की जाए । कहा हमलोग पूर्व में भी 8 सूत्री मांगों को लेकर सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन करते रहे है जिसमें अनुकंपा के आधार पर विक्रेताओं को लाइसेंस दिया जाना सामिल है जो अब तक नहीं हो पाया है । एवं अन्य सरकारी कर्मियों की तरह डीलर को भी सरकारी छुट्टी तथा 30,000 प्रतिमाह मानदेय के रूप में डीलर को दिया जाए ताकि उनके परिवार का भरन पोषण हो सके । बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 10 जनवरी को पटना में संघ की ओर से आयोजित धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए सभी डीलरों को पटना पहुंचना अनिवार्य है ‌। उन्होंने कहा कि डीलर संघ की और से एक जनवरी से लेकर अनिश्चितकाल तक हड़ताल की घोषणा की गई है जो लगातार जारी है ‌। जिस कारण वितरण कार्य भी एक जनवरी से बंद है ‌। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार यादव के अलावे सचिव मोहम्मद रफीक आलम , उप सचिव प्रेम कुमार किशन, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार ,उपाध्यक्ष नूतन कुमारी, संगठन मंत्री बैजनाथ प्रसाद चौधरी, मोहम्मद जहीर उद्दीन, प्रमोद कुमार ,मोहम्मद अब्दुल्ला, सुशील कुमार ,मनोज कुमार ,मोहम्मद अनामुल, मोहम्मद कमरुद्दीन, रंगू कुमारी ,रणधीर कुमार ,रोशन कुमार, अरविंद कुमार ,लाल बहादुर मंडल, सुरेश प्रसाद यादव, जीव नारायण झा ,नंदन दास ,नुनु लाल राम, मोहम्मद मुस्तफा, बालेश्वर यादव ,संगीता कुमारी आदि सामिल थे ।



# भागलपुर नगर निगम के द्वारा इन वार्डों में मुफ्त में बांटे जाएंगे कंबल

**गौतम सुमन गर्जना भागलपुर :** ठंड को देखते हुए निगम ने शहर के कई चौराहों पर अलाव जलाना शुरू कर दिया है. बुधवार को निगम के द्वारा छह जगहों पर अलाव जलाना शुरू कर दिया है. निगम के स्वास्थ प्रभारी अजय शर्मा ने बताया कि शहर के छह जगहों जिसमें स्टेशन चौक, तिलकामांझी चौक,कोतवाली चौक,घंटाघर चौक, बूढ़ानाथ चौक और मायागंज चौक के पास अलाव जलाया गया.उन्होंने बताया कि स्टेशन चौक और मायागंज अस्पताल चौक पर 50-50 किलो और अन्य जगहों पर 25-25 किलो लकड़ी दिया गया है. अलाव जलाने की शुरूआत स्टेशन चौक से की गई.

**हर वार्ड में बंटेगा दो सौ कंबल :** हर वार्ड में निगम के द्वारा दो सौ कंबल बांटा जायेगा. इसके लिए निगम के जैम पोर्टल पर निविदा निकाली गयी. निगम के योजना शाखा प्रभारी मो रेहान अहमद ने बताया कि कंबल के क्रय को लेकर निविदा निकाली गयी है. 15 दिन में टेंडर खोला जायेगा. जिस एजेंसी को वर्क आर्डर मिलेगा उसे सात दिनों के अंदर कंबल की सप्लाइ करनी होगी. इस बाबत भागलपुर नगर निगम के आयुक्त डॉ०योगेश कुमार सागर ने बताया कि बोले नगर आयुक्त ठंड को देखते हुए निगम की ओर से शहर के चौक - चौराहों पर अलाव जलाना शुरू कर दिया गया है. हर वार्ड में निगम द्वारा कंबल वितरण को लेकर कंबल क्रय को लेकर जैम पोर्टल पर निविदा निकाल दी गयी है. जल्द ही कंबल क्रय की प्रकिया पूरी हो जायेगी. हर वार्ड में दो सौ कंबल का वितरण होगा.



# मरहूम तस्लीमुद्दीन साहब के जन्मदिन के शुभ अवसर पर राजद कार्यालय फारबिसगंज में दर्जनों राजद कार्यकताओं द्वारा सुमन अर्पित कर सादर नमन किया गया

**जिला प्रभारी इस्तेखार आलम दैनिक शुभ भास्कर**

भारतीय राजनीति के कुशल राजनीतिज्ञ और बेहद अनुभवी सीमांचल गांधी के नाम से मशहूर अररिया के सिसौना में 4 जनवरी 1943 को जन्म लेने वाले अपनी राजनीति की शुरूआत सिसौना से कर भारत के राजनीति मंच पर अररिया को एक पहचान दिलाने वाले भारत सरकार के पूर्व मंत्री श्रद्धेय परम आदरणीय मरहूम तस्लीमुद्दीन साहब के जन्मदिन के शुभ अवसर पर राजद कार्यालय फारबिसगंज में दर्जनों राजद कार्यकताओं के द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर सादर नमन किया गया। आज के इस श्रद्धांजलि सभा का नेतृत्व कर रहे राजद जिला अध्यक्ष सुरेश पासवान, जिला प्रधान महासचिव अरुण यादव, जिला राजद उपाध्यक्ष अमित पूर्वे पंचायत अध्यक्ष रविंद्र यादव युवा राजद के महासचिव शिपु कुमार मंडल आदि दर्जनों राजद के नेताओं के साथ राजद के कई ऊजार्वान क्रांतिकारी साथी विजय विश्वास,दामोदर ततमा, सुनील पासवान, मोहम्मद अतहर ,मोहम्मद बादल, मोहम्मद आसिफ, रमन सिंह आदि दर्जनों राजद के कार्यकताओं ने मरहूम मोहम्मद तस्लीमुद्दीन साहब के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धा सुमन व्यक्त किए। आज के इस श्रद्धांजलि सभा को वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा मोहम्मद तस्लीमुद्दीन का नाम ही समाज में समाज सेवा के नाम से जाना जाता है उन्होंने अपने कार्यकाल में अररिया को एक नई पहचान दिलाने का काम किया सभी वर्ग के सभी जाति के सभी धर्म के लोगों से अन्यन प्यार करते थे और सभी के साथ आपसी सौहार्द के रूप में सीमांचल को एक नया तस्वीर के रूप में भारत के राजनीति मंच पर देखना चाहते थे ऐसे थे हमारे सीमांचल के गांधी मरहूम तस्लीमुद्दीन साहब उन्हें जन्मदिन पर सादर नमन करते हुए कोटि-कोटि श्रद्धा सुमन।



# सिचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता ने अवर प्रमंडल पदाधिकारी पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**जितेंद्र कुमार/दैनिक सुभ भास्कर,त्रिबेनिगंज, सुपौल**

जिले के त्रिवेणीगंज अनुमंडल में नगर परिषद क्षेत्र के डपरखा स्थित सिंचाई प्रमंडल कार्यालय में मंगलवार को सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता और अवर प्रमंडल पदाधिकारी के बीच मारपीट करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।इस मामले को लेकर सिचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता ने थाने में आवेदन अवर प्रमंडल पदाधिकारी त्रिवेणीगंज के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया।जिसमें आरोप है कि देवेंद्र कुमार अवर प्रमंडल पदाधिकारी सिंचाई प्रमंडल त्रिवेणीगंज कार्यालय में अन्य कर्मियों के साथ उलझकर बात कर रहा था। हो हल्ला सुनकर मैं उन लोगों के पास आकर देवेंद्र कुमार अवर प्रमंडल



पदाधिकारी सिंचाई अवर प्रमंडल त्रिवेणीगंज के अपने कार्यालय सिंचाई अवर प्रमंडल त्रिवेणीगंज में जाकर कार्य करने के लिए कहा, परंतु देवेंद्र कुमार अवर प्रमंडल पदाधिकारी मुझे गाली गलौज किया एवं मुंह पर चार - पांच मुक्का मारा। जिससे आंख में काफी चोट आ गई है और मुँह में आंख के इर्द-गिर्द नीचे एवं ऊपर सूजन भी आ गया है।घटना के समय मेरे कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे। सिचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वही अवर प्रमंडल पदाधिकारी सिंचाई देवेंद्र कुमार का आरोप है कि मैं सिंचाई प्रमंडल त्रिवेणीगंज में इस कार्यालय का पत्रांक 2 मंगलवार को लेकर गया था। क्योंकि मेरे कार्यालय में कोई परिचारी नहीं है। इसपर कार्यपालक अभियंता सिंचाई प्रमंडल त्रिवेणीगंज ने मेरे साथ अभद्र गालियां देने लगे। जब मैंने बोला कि सर आपके मुख से ये सब अच्छा नहीं लगता है। तब वे मेरे साथ मारपीट करने लगे।इसमें मेरे हाथ की उंगली में घाव भी लग गया एवं मेरी आंख में भी चोट आई है। जिसके बाद अस्पताल में इलाज करवाया। थानाध्यक्ष संदीप कुमार सिंह ने बताया कि सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता के आवेदन पर केस दर्ज कर पुलिस आगे की कार्यवाई में जुट गई है।

# 150 किसानों को मिली टोकन शेष सैकड़ों किसान बिना यूरिया के वापस लौटे

**अभिषेक आनन्द /दैनिक सुभ भास्कर, वीरपुर,सुपौल।**

जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत भगवानपुर पंचायत के समदा स्थित लाइसेंसी खाद विक्रेता के पास यूरिया आबंटित होने पर बुधवार की सुबह 5 बजे से ही सैकड़ो की संख्या में किसानों की लंबी कतारें लग गयी। इस दौरान किसानों के बीच आपस मे झड़प भी हो गयी। वही उपस्थित किसानों की काफी समझा बुझा कर शांत करवाया।जिसके 5 घंटे बाद विक्रेता ने रतनपुर पुलिस को बुलाया। और टोकन का वितरण करवाया। बता दे कि किसानों के लिए यूरिया संकट बरकरार है। जिसकी वजह से किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। किसान रबी फसल के लिए यूरिया की तलाश में सुबह से



शाम तक दर-दर भटक रहे हैं। खाद दुकान से ई कृषि भवन तक दौर लगा रहे है, उन्हें यूरिया नसीब नहीं हो रही है।इसका प्रतिकूल असर रबी फसल पर पड़ता दिख रहा है।सरकारी स्तर पर भी लाइसेंसधारी खाद विक्रेताओं को यूरिया का बहुत कम संख्या में वितरण के लिए आवंटन दिया जा रहा है।कम आवंटन के कारण यूरिया लेने वालों की संख्या अधिक हो जाने पर खाद विक्रेता को यूरिया नहीं पाने वाले किसानों का कोपभाजन होना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारी सिर्फ दावा करते है कि किसानो को यूरिया की किल्लत नही होगी। जो जमीनी हकीकत पर टायटॉय फिसड्डी साबित हो रही है। किसान धीरेंद्र मेहता, अनिल कुमार पौद्दार, ललित कुमार, गौतम कुमार, चंदन पासवान, अमरेंद्र मेहता, राजबल्लभ यादव आदि ने बताया कि एक सप्ताह से यूरिया के लिए भटक रहे हैं लेकिन यूरिया नहीं मिल रही है।कहा कि क्षेत्र में दर्जनों खाद विक्रेता हैं। लेकिन आवंटन कम मिलने से कोई भी विक्रेता परेशानी के कारण यूरिया लाना नहीं चाहता है। ऐसे में बाजार स्थित एक ही खाद विक्रेता को महज 100 से 150 बोरा यूरिया का आंवटन उठाना पड़ रहा है। यही कारण है कि हजारों किसानों का जमावड़ा एक ही दुकान पर हो जाता है। उधर खाद विक्रेता का भी यही रोना है।उनका कहना है कि आवंटन कम मिल रहा है, जबकि यूरिया लेने वाले किसानों की संख्या अधिक है। ऐसे में सब किसानों को आवश्यकता अनुसार पूर्ति करना मुश्किल हो रहा हैं। हंगामा के भय से बाजार के एक खाद विक्रेता ने बुधवार को सुरक्षा के दृष्टिकोण से थाना पुलिस के सहयोग से पर्ची काटने का काम किया है।

# नाला निर्माण में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने जताया रोष

**राजीब मिश्रा/दैनिक सुभ भास्कर,करजाईन(राघोपुर)सुपौल**

जिले में राघोपुर प्रखंड के करजाईन बाजार अंतर्गत मोतीपुर पंचायत में दुर्गा मंदिर के समीप नाले के निर्माण में घोर अनियमितता बरती जा रही है। इसको लेकर ग्रामीणों में रोष भी है। कार्यस्थल पर स्थनीय ग्रामीणों का कहना था कि जिला परिषद मद से इस नाले का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन कार्य शुरू हुए कई दिन हो गए, लेकिन अभी तक शिलापट्ट भी नहीं लगाया गया है। पूरी तरह मनमानीपूर्ण ढंग से काम किया जा रहा है। नाला निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि दुर्गा मंदिर से आगे कच्ची सड़क के किनारे नाले का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन निर्माण कार्य में मिट्टी युक्त गिट्टी,मिट्टी, रेत युक्त बालू, घटिया ईंट आदि का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है।



ढलाई किये गए भाग पर पानी भी नहीं दिया जा रहा है। जिससे गुणवत्ता भी खराब हो रहा है। ग्रामीणों ने डीएम, एडीएम, एसडीओ बीरपुर सहित अन्य अधिकारियों से कार्य की जांच की मांग की है। वही इस बारे में एसडीओ बीरपुर ने बताया कि निर्माण कार्य की जांच की जाएगी। गलत पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# राजेश्वरी के महादलित बस्ती के लोगों ने रास्ता की मांग को ले किया प्रदर्शन

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**

जिले के छातापुर प्रखंड अंतर्गत राजेश्वरी पूर्वी पंचायत के वार्ड संख्या 8 स्थित महादलित बस्ती के लोगों को आजादी से पहले से सड़क नहीं रहने तथा अधिकारी पदाधिकारीयों को आवेदन देने एवं पंचायत प्रतिनिधियों को इतनी बड़ी समस्या से बार-बार अवगत कराने के वाबजूद भी इन जटिल समस्याओं को नजर अंदाज कर सरकारी जमीन अधिग्रहण नहीं कराने को लेकर महादलित बस्तियों के लोगों के साथ युवा समाजसेवी कृष्णा राज ने सुपौल ज़िला अधिकारीयों तथा छातापुर अधिकारीयों के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया। राजेश्वरी पूर्वी पंचायत के वार्ड संख्या-08 में एक ऐसी महादलित टोला है, जहां वहां के लोगों को मोटरसाइकिल साइकिल आना जाना तो बहुत दूर की बात है लेकिन वहां पर पुरे बस्ती के लोगों को घर से पैदल आना जाना भी बहुत मुस्किल हैं। जिसके कारण सैकड़ों की आबादी वाले वस्ती आजादी काल से ही समुद्री जैसे टापूनुमा जीवन जीने को विवश हैं। बीते आठ दशकों से विषम परिस्थितियों का सामना कर रहे इन परिवारों को



पंचायत के किसी भी जनप्रतिनिधियों या सरकारों द्वारा अवागमन के समस्या को समाधान करवाना कहीं से उचित नहीं समझा। दरअसल पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक उपेक्षा के कारण यह आवादी विकास की रोशनी से अब तक दूर रखा है। इस बस्ती के लोग एक अच्छे सड़क के लिए वर्षो से ललायित हो रहे हैं ! वह भी तब जब सूबे की मुखिया नीतीश कुमार के राजकाज में महादलित के उत्थान के गरज कई अधिकार दिए गए हैं सरकारी सुविधाओं से लेकर योजनाओं परियोजनाओं में भी प्राथिमिकता तय की गई।यहां तक कि दलित महादलित के आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक उत्थान के कई नियम और कायदे भी बनाएं गए हैं। लेकिन मुख्यमंत्री के इस उद्देश्य को उदेश्यहीन (विफल) बनाने में सरकार के अधिकारी पदाधिकारी और जानता द्वारा चुने गए कार्यपालिका जनप्रतिनिधि ही सबसे आगे रहते हैं। यह महादलित बस्ती सभी दिशाओं से जमाबंदी रेयतों की जमीन से घेरा हुआ है, बस्ती से बाहर आने जानें के लिए महादलित परिवारों को आज के दौर में भी जमींदारों के बंधुआ मजदूर बने रहना पड़ता हैं।फि र भी इन लोगों को अपने बस्ती व घर आने जानें का रास्ता नहीं मिल रहा है। जिस रैयतों के निजी जमीन होकर पैदल आते जाते भी थे उन्हें बांस बल्ला, काटा से घेरा बंदी कर दिया गया है।समाज के लोगों ने बताया कि इस हरिजन बस्ती में आने जानें वाले रास्ता नहीं रहने के कारण इस बस्ती के सभी बच्चे और यहां के तमाम नो जवान युवा बड़े बुजुर्ग सभी सरकारी लाभों से वंचित रह जाते हैं। सबसे बड़ी बात है की उस बस्ती की सभी बच्चे आंगनवाड़ी सरकारी स्कूलों से वंचित हैं। इन लोगों को सब दिनों से शिक्षा व्यवस्था स्वास्थ्य व्यवस्था से दूर रखा गया है। जिसके यहां के युवा बच्चे पंजाब दिल्ली जानें को विवश हैं।

# ठंड से बचे , विशेष ध्यान भी रखें गर्भवती महिला



सरोज कुमार/दैनिक सुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल

जिले के प्रखंड क्षेत्र में वर्तमान समय में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है,इसका गर्भवती महिलाओ व उसके गर्भस्त बच्चे पर भी खतरा है। इससे बचने के लिए गर्भवती महिलाओ को ऊनी वस्त्र,गर्म पानी के साथ सभी आवश्यक दवाओं का सेवन करना चाहिए।

वर्तमान समय में ठंड से बचने के लिए गर्भवती महिला को अपने स्वास्थ का विशेष ध्यान रखना चाहिए। ऐसे माहौल में उन्हें अपने घरों से बिना आवश्यक कार्यो के नहीं निकलना चाहिए। उक्त बातें उपस्वास्थ केंद्र के प्रभारी डॉ अभिषेक कुमार ने कहा और बताया की गर्भवती महिला को भोजन में 2400 कैलोरी व सामान्य महिला को स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन 2100 कैलोरी का आहार लेना चाहिए जिसमें विटामिन,मिनरल्स अधिक मात्रा में प्राप्त हो गर्भवती महिला को प्रतिदिन 60 से 70 ग्राम प्रोटीन मिलना चाहिए।

# ठंड से आम आवाम के साथ-साथ पशु पक्षी अस्त व्यस्त

**फारबिसगंज - नरेश कुमार मंडल दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता**

पिछले एक सप्ताह से ठंड के कारण लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाके के लोगों की दिनचर्या बदल गई है। सुबह होने के बावजूद लोग घर में दूबके रह रहे हैं। व्यवसायिक प्रतिष्ठान के शटर भी देर से खुल रहे हैं।आम आवाम के साथ ही पशु पक्षी भी अपने घोंसले में रहने को मजबूर हो गए।ठंड ने लोगों को घरों में रजाई के अंदर ही रहने को मजबूर कर दिया।किसानी कार्य भी प्रभावित हुए। व्यवसायिक प्रतिष्ठान भी नौ बजने के बाद ही खुल रहे हैं।हर ओर ठंड का आलम कायम है। लोग जरूरी कार्य रहने पर ही घर से बाहर निकल रहे हैं। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से लेकर सब्जी मंडी में भी भीड़ गायब हो गई। इक्के दुक्के चाय दुकानों पर ही लोगों की भीड़ देखने को मिली।सबसे बुरा हाल तो रात में यात्रा करने वाले यात्रियों का देखा गया। सुबह में



पक्षियों की आवाज गुम हो गई है। पशुपालकों को भी भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा। पालतु जानवरों को खाने खिलाने में परेशानी हो रही है। चौक-चौराहों पर सुबह होते ही काम की तलाश में मजदूरों की टोली जमा हो जाती है।उन्हें इस ठंड ने काफी परेशान कर दिया।लोग अपने स्तर से अलाव की व्यवस्था कर उसका सहारा लेते दिखे।ऐसा ही हाल स्टेशन परिसर, बस स्टैंड तथा अन्य रैनबसेरों में ठहरे लोगों का भी हो रहा है। सुबह-सुबह सब्जी मंडियों में दुकान सजाने वाले लोगों का हाल भी इस ठंड ने बेहाल कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार अररिया का न्यूनतम तापमान 11डिग्री तक पहुंच गया है। भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे जोगबनी नगर परिषद क्षेत्र में राहगीरों के लिए ठंड में आश्रय स्थल का व्यवस्था नहीं होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बताते चले की भारत-नेपाल अंतराष्ट्रीय सीमा से सटे जोगबनी मे बस और ट्रेन पकड़ने के लिए कभी संख्या मे रहागीर पहुंचते है, कपकाती ठण्ड मे नगर परिषद के द्वारा यात्री स्थल की व्यवस्था नहीं होने के कारण जोगबनी आने जाने वाले लोगों को कभी परेशानी होता है। फारबिसगंज नगर परिषद क्षेत्र में जगह-जगह नगर परिषद की ओर से आलाव व फारबिसगंज के फैंसी मार्केट में यात्री स्थलय व्यवस्था किया गया है,

# सरस्वती पूजा पूजा आते ही कलाकारों द्वारा प्रतिमाओं को तराशना हुआ जारी

**सरोज कुमार/दैनिक सुभ भास्कर,किसनपुर, सुपौल**

जिले में किशनपुर प्रखंड में सरस्वती पूजा के मद्देनजर कलाकार मां सरस्वती की प्रतिमाओं को तराशने में लग गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के कलाकारों ने बाजार में डेरा जमा लिया है। मिट्टी की प्रतिमाओं में जान फूंक रहे हैं।प्रखंड क्षेत्र के कई स्थानों पर प्रतिमाओं का निर्माण किया जाता है। इस बार 26 जनवरी को मां सरस्वती की पूजा की जाएगी। विद्या की आराध्य देवी मां सरस्वती की पूजा के मद्देनजर कलाकार प्रतिमाओं को तराशने में लग गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के कलाकारों ने बाजार में डेरा जमा लिया है। पूजा कमेटियों के सदस्य सब पंडाल बनाने में जुट गए हैं । वहीं मूर्तिकार भी मूर्तियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। प्रखंड क्षेत्र में लगभग 500 से अधिक



स्थानों पर पंडाल बनाकर पूजा की जाती है और कुछ स्थानों पर घर पर ही मां सरस्वती की पूजा की जाती है। सरस्वती पूजा के दौरान सबसे ज्यादा उत्साह विद्या अध्ययन में लगे विद्यार्थियों में देखा जाता है। प्रतिमा बनाने वाले युद्धस्तर पर मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। बहुत सी प्रतिमाएं तैयार भी हो गई हैं, जो तैयार नहीं हुई हैं, उन पर काम चल रहा है। बाजार में मुख्य रूप से चार स्थानों पर मूर्तिकार प्रतिमा बनाते हैं, एक तो ग्रामीण क्षेत्र में और तीन बाजार क्षेत्र में। आकार व सजावट के अनुसार मूर्तिकार मूर्तियों की कीमत लेते हैं। इस वर्ष मूर्तियों की कीमत पंद्रह सौ रुपये से लेकर तीन हजार रुपये तक रही। कलाकार धीरेंद्र सुतिहार ने बताया कि दिसंबर माह से ही मूर्ति बनाने का कार्य शुरू कर देते हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा मूर्ति बनाई जा सकें। समय पर मूर्ति उपलब्ध हो सके।मूर्तियों की बनावट के अनुसार उनका मूल्य निर्धारित किया गया है।

# गुजरात से असम जा रही टाइल्स लदी ट्रक कार को बचाने के क्रम में अनियंत्रित होकर पलटी

फारबिसगंज थाना क्षेत्र के ढोलबज्जा के आगे पोठिया ओवरब्रिज से ठीक पहले टाइल्स लदी ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई ।टाइल्स से लदी ट्रक गुजरात के मोदीनगर से असम के करीमगंज की ओर जा रही थी ।सुबह सात बजे के करीब ट्रक के आगे आगे चल रही एक कार अचानक सड़क के किनारे पीलर के पास आकर रुक गयी,जिसे बचाने के क्रम में ट्रक सड़क के किनारे बालू में अनियंत्रित होकर पलट गई ।ट्रक पलटने से टाइल्स बिखड़ गया और इससे लाखों रुपैये मूल्य के टाइल्स टूट गया है ।घटना के बाद कार मौके से फरार हो गया ।सूचना के बाद फारबिसगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई ।हालांकि हादसे में ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है ।अनियंत्रित होकर पलटी



ट्रक का नम्बर जेके02डी-बी1664 है ।ट्रक के ड्राइवर हरजीत सिंह और खलासी ने मामले की जानकारी ट्रक मालिक समेत प्रतिष्ठान के मालिक को दे दी है,वहीं फारबिसगंज थाना पुलिस की ओर से मौके पर चौकीदार की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीराबेन मोदी के निधन पर नेपाल मे भी शोक की लहर

**नरेश कुमार मंडल दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीराबेन मोदी के निधन पर जोगबनी सीमा से सटे नेपाल के विराटनगर मे भारत नेपाल सामाजिक सांस्कृतिक मंच, एजुकेशन मैसेज मिडिया, नेपाल भारत रेल यात्री सहजीकरण समिति, बृहत मधेसी नागरिक समाज के द्वारा संयुक्त रूप से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सागरमाथा पार्टी पैलेस के सभा हॉल मे आयोजित की गयी श्रद्धांजलि सभा मे प्रमुख रूप से रेल यात्री सहजीकरण समिति के प्रमुख सलाहकार संरक्षक राजेश गुप्ता, महेश साह सवर्णकार, भारत नेपाल सामाजिक सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष किरण राय,सचिव विकास मंडल, नागरिक समाज के अध्यक्ष




सूर्यनाथ सिंह , योगेंद्र यादव, सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे वही कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वक्ता ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी की मां सादगी की मूरत थीं। उनका संपूर्ण जीवन सादा और उच्च विचार की मिसाल रहा है। प्रधानमंत्री जी की पूज्य माताश्री आदरणीय हीरा बेन जी के निधन की खबर अत्यंत दुःखद है. इस दुःखद घड़ी में प्रधानमंत्री जी व उनके परिवारजनों के प्रति मित्र देश के लोग भी इनके साथ है ।वही महेश साह ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी दो देश के मित्रता मे एक नई मिशाल कायम करते है ईश्वर से प्रार्थना है कि वो दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता जी के निधन पर अमित भगत, नेपाली कांग्रेस की नेत्री प्रमिला गाछदार, समाज सेवी पिंकी साह, जयराम यादव,श्याम सुन्दर सुतिहार, पवन साह ने गहरा दुःख प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पण किया !

# मरहूम तस्लीमुद्दीन के याद मे उदा हाई स्कूल मैदान में हुआ फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन

**रिपोर्टर हयात दानिश**

जोकीहाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उदा हटा के हाई स्कूल मैदान मे बुधवार को जोकीहाट विधायक सह आपदा प्रबंधन मंत्री शाहनवाज आलम ने अपने पिता सीमांचल गांधी मरहुम तस्लीमुद्दीन के याद मे निसुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया है जिसमे लगभग दो दर्जन से अधिक डॉक्टर की टीम ने विभिन्न गांव जैसे भुना मजगामा बंग्लाकोल मसुरिया चौकता टेकनि महलगाव डोमरिया चैनपुर रहारा बड़ेंगा कुरसैल सिसौना इत्यादि गांव से आये सभी मरीजों की निसुल्क उपचार कि वही अहम बात आप सभी को ये बता दूँ की दवाई भी निसुल्क वितरण किया गया सभी मरीजों ने अपना अपना उपचार के बाद सीमांचल गांधी मरहुम तस्लीमुद्दीन तथा उनके बेटे जोकीहाट विधायक सह आपदा



प्रबंधन मंत्री शाहनवाज आलम को दुआएँ दी मे आप सभी को बतादुं की मरीजों की काफी लम्बी कतारें देखी गई इस कैंप मे डॉक्टर सहित मरीजों की हजारो की संखिया मे भीर देखी गई

# भारतीय में अवार्ड सेरेमनी



भारतीय स्कूल लक्ष्मणगढ़ के सीबीएसई के मिनी पेरेडाइज विंग में इन्टरहाऊस स्पोर्ट्स टूनामेंट के विजेता एवं उपविजेता टीमों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संस्था सचिव कविता महला ने बताया कि विद्यालय के सभी सदनों में कक्षा 2 से 5वीं तक के छात्र-छात्राओं के मध्य कबड्डी, खो-खो, टग ऑफ वार, सतोलिया, रेस, फ्रॉग जम्प, बनाना इटिंग, म्यूजिकल चेयर आदि खेल क्रीड़ाओं का आयोजन किया गया था। खेलों में विजेता, उपविजेता एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाले दलों के छात्र-छात्राओं को अवार्ड देकर सम्मानित किया। संस्था निदेशक रामस्वरूप महला ने सम्भागी खिलाड़ियों, विजेता एवं उपविजेता दलों के छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने बताया कि खेलों से जीवन में सघर्ष के साथ आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा मिलती है, साथ ही जीवन में नई उमंग और जोश का संचार होता है। अतः इस हेतु विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेलों में भाग लेते रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रभारी प्रीति गोस्वामी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन निशा बील ने किया।

# आगलगी की घटना में दो घर जलकर राख, हजारों का नुकसान

उधवा। राधानगर थाना क्षेत्र के पूर्वी उधवा पंचायत के जंगलपाड़ा गांव में बुधवार को अचानक शार्ट सर्किट से आग लगने से दो घर जलकर राख हो गया। इस घटना में चाचा जलील शेख तथा भतीजा मिठून शेख का घर जलकर राख हो गया। जिससे घरों में रखें सारा समान तथा नगदी रूपया जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार जंगलपाड़ा निवासी जलील शेख के घर में अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग की कहर काफी तेज होने के कारण देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर लिया। उनके भतीजा मिठून शेख के घर को आग अपनी चपेट में ले लिया। आगलगी की खबर सुनते ही स्थानीय लोगों में अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। स्थानीय लोगों ने उसकी सूचना अग्निशमन विभाग को



दिया। हालांकि अग्निशमन कर्मी पूर्व से निर्धारित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में चले जाने के कारण घटनास्थल पर अग्निशमन कर्मी नहीं पहुंच पाई। जिससे घरों का सारा समान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने कुंआ तथा चापाकल के पानी से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अग्नि पीड़ित परिवार जलील शेख तथा मिठून शेख ने बताया कि आगलगी की घटना में पलंग, कपड़ा, बिस्तर, अनाज तथा नगदी रूपया जलकर राख हो गया। अग्नि पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। इस संबंध में अंचल निरीक्षक राजेंद्र राय ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचकर क्षतिपूर्ति का आंकलन करने के बाद मुआवजा दिया जाएगा।

# एक दिवसीय परिवार नियोजन एवं युवा प्रजनन स्वास्थ्य पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

**रिपोर्टिंग- अविनाश मंडल**

पाकुड़/ पाकुड़ में आज स्वयं सेवी संस्था जन लोक कल्याण परिषद के द्वारा यूएसएआईडी एवं जिला समाज कल्याण पाकुड़ के सहयोग से सूचना भवन सभागार में एक दिवसीय परिवार नियोजन एवं युवा प्रजनन स्वास्थ्य पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की शुरूआत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जपाईगो के मयुरेश जी एवं नेहरू युवा केन्द्र के अधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य, जपाईगो के मयुरेश जी एवं नेहरू युवा केन्द्र के अधिकारी ने परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए परिवार नियोजन के अंतर्गत



आने वाली सभी सुविधाओं को मजबूत और सुदृढ़ बनाने पर बल देते हुए विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही लाभार्थियों को परिवार नियोजन के स्थाई और अस्थाई साधन को अपनाने के लिए जागरूक व प्रेरित करने पर जोर दिया गया। ताकि सामुदायिक स्तर पर परिवार नियोजन के साधन का संदेश पहुँच सके और अधिकाधिक लाभार्थी सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकें। मंच का संचालन जिला बाल संरक्षण इकाई के व्यास ठाकुर ने किया। सीडब्ल्यूसीके अध्यक्ष एवं सदस्यों, आईसीटीसी पाकुड़ शिवनारायण, फैमिली प्लानिंग काउंसलर चंपा दोलन, स्वास्थ्य विभाग के डॉ कमरूल हक एवं तेजस्विनी के सभी सहयोगी सदस्यों ने भी अपनी अपनी बातों को इस कार्यक्रम में रखी।

# सड़क पर नाला का गंदा पानी बहने से बीमारी का बना खतरा

मंडरो। प्रखंड क्षेत्र के मिजाचौंकी बाजार एवं महादेववरण क्षेत्र में नाले का गंदा पानी सड़क पर बहने से स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नाले को अतिक्रमण मुक्त एवं नया नाला बनाने एवं अन्य समस्या को लेकर बुधवार को स्थानीय लोगों ने कार्यवाही करने के लिए मेरी जा थाना प्रभारी को एक लिखित शिकायत सौंपी है। वही हे लोगों ने बताया कि इसकी प्रतिलिपि भारत सरकार के गृह मंत्री, जिले के डीसी, एसडीओ एवं प्रखंड के बीडीओ को भी दी गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नाला का गंदा पानी सड़क पर बहने से नारकीय स्थिति हो गई है। गंदगी रहने के कारण लोगों को गंभीर बीमारी का खतरा सता रहा है। जबकि इस दौर में कोविड-19 के नए वेरिएंट को लेकर लोग काफी सावधानी बरत रहे हैं।



उक्त सभी जगह ग्रामीणों द्वारा लिखित हस्ताक्षर शिकायत देकर मांग की है कि नाला को अतिक्रमण मुक्त करते हुए नए नाला का निर्माण कराया जाय।मौके पर बलराम भगत, संतोष कुमार, गुडडू भगत, सुनील कुमार, श्रीनाथ भगत, अभय कुमार सुनील सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# रामदत्त भगत का अंतिम संस्कार जंगीपुर गंगा घाट में गुरुवार को किया जाएगा



**रिपोर्टिंग- अविनाश मंडल**

पाकुड़/ महेशपुर प्रखंड अंतर्गत देवीनगर निवासी पाकुड़िया प्रखंड इंडियन पंच एवं आवाज के स्थानीय संवाददाता अंकित भगत एवं विशाल भगत को पितृशोक हुआ है। उनके पिता रामदत्त भगत जी का देहांत बुधवार को करीब सुबह 5 बजे रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज के द्वारान हो गया। वे करीब 60 वर्ष के थे। उनके निधन पर देवीनगर एवं पाकुड़िया में शोक की लहर है। वे कई दिनों से बीमार थे। उनका तबीयत ज्यादा बिगड़ने के कारण उन्हें 24 दिसंबर को रांची के रिम्स में भर्ती किया गया था। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम दर्शन के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। अंतिम संस्कार जंगीपुर गंगा घाट में गुरुवार को किया जाएगा।

# निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवार का नियोजन अधिनियम से संबंधित कार्यशाला का हुआ आयोजन

साहिबगंजः समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त राम निवास यादव के निदेर्शानुसार झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवार का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 निजी क्षेत्र के नियोजन में 75% स्थानीय आरक्षण से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान विभिन्न कार्यालय प्रधान एवं निजी क्षेत्र के आयोजक को आवश्यक जानकारियां उपलब्ध कराया गया।आपको बता दें कि उक्त अधिनियम नियमावली जिसमें यह 10 या 10 से अधिक कर्मी कार्यरत हैं उन्हें उक्त अधिनियम का पालन करना अनिवार्य है एवं नियोजन के रूप में जिला नियोजन कार्यालय में निबंधन कराना अनिवार्य है।कार्यशाला के दौरान बताया गया कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए राज्य सरकार कई योजनाएं चला रही है और उन्हें कौशल



विकास के तहत विभिन्न क्षेत्रों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस नियमावली को पंचायत, गांव स्तर तक लेकर आगे जाये। वहीं बताया गया कि इस अधिनियम-सह-नियम के लागू होने के बाद राज्य अंतर्गत प्रत्येक नियोक्ता निजी क्षेत्रों में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान होगा। सरकार द्वारा जारी नियमावली का सभी नियोक्ता अनुपालन करें और स्थानीय लोगों को रोजगार देना प्राथमिकता में रखें।कार्यशाला में जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज झा समेत अन्य उपस्थित थे

# दिव्यांग बच्चे की सेवा हमारी जिम्मेवारी:-सांसद विजय हांसदा

साहिबगंजः-आज स्थानीय वान उड़ेंन मूक बधिर विद्यालय साहिबगंज में राजमहल सांसद विजय हांसदा ने दिव्यांग बच्चों और यहां कार्यरत कर्मियों के बीच ट्रैक सूट, जूता, मोजा, पठन-पाठन सामग्री, बैग और खाद्य सामग्री का बड़े पैमाने में वितरण किया गया।इस अवसर पर उपायुक्त साहिबगंज रामनिवास यादव भी उपस्थित थे।सांसद विजय हांसदा ने बताया कि दिव्यांग बच्चे समाज के अभिन्न अंग है और मेरा लक्ष्य समाज के हर व्यक्ति को उसकी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना है।मैंने यह वादा किया था इन बच्चों से कि मैं आपको ठंड के समय में जरूरत की सारी सामग्री उपलब्ध कराऊँगा। जिसे लेकर मैं आज आप लोगों के बीच उपस्थित हूं।उपायुक्त रामनिवास यादव ने बताया दिव्यांग बच्चे हम



सभी के जिम्मेवारी हैं इनका संपूर्ण विकास कैसे हो इसके लिए जिला प्रशासन सदैव सजग है।इस अवसर पर सांसद विजय हांसदा उपायुक्त रामनिवास यादव और सांसद प्रतिनिधि संजीव सामु हेम्ब्रम का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर दिव्यांग बच्चों ने किया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष झामुमो शाहजहां अंसारी, झारखंड मुक्ति मोर्चा युवा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, नगर अध्यक्ष राजू अंसारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ सुरेंद्र नाथ तिवारी, विद्यालय परिवार की शिक्षक शिक्षिकाएं और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कालाजार एवं फाइलेरिया से संबंधित जानकारी दी गई

**रिपोर्टिंग-अविनाश मंडल**

पाकुड़/हिरणपुर प्रखंड में मंगलवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में उपस्थित सभी बच्चियों को पीसीआई के रीजनल मोबिलाइजेशन कोऑर्डिनेटर द्वारा कालाजार एवं फाइलेरिया से संबंधित जानकारी दी गई। ऑडियो विजुअल के माध्यम से बताया गया कि कालाजार का फैलाव बालू मक्खी से होता है। बालू मक्खी के छिपने का स्थान अंधेरी जगह नमी वाले जगह गौशाला पूजा घर फटी हुई दीवार है, इसके जांच और इलाज से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही सभी उपस्थित छात्राओं से अनुरोध किया गया कि सभी अपने अपने घरों के फटी हुई दीवारों व गौशाला के फटी हुई दीवारों में मिट्टी लगाने से संबंधित अपने माता-पिता को जागरूक करेंगे। साथ ही सभी छात्राओं से यह अपील किया गया कि सभी अपने घर के बाहरी दीवाल पर कालाजार से



संबंधित स्लोगन 2 सप्ताह से अधिक बुखार हो सकता है कालाजार को लिखेंगे जिससे कि लोगों को कालाजार से बचाव से संबंधित जानकारी हो। वार्डन द्वारा सभी छात्राओं को निर्देश दिया गया की जो जानकारी आज दी गई यह जानकारी आप अपने आसपास के लोगों को देंगे।

# हिरनपुर परगना नदी में इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट की बैठक हुई

**रिपोर्टिंग- अविनाश मंडल(पाकुड़)**

पाकुड़/हिरणपुर जिले में इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के बैनर तले रांची के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सिंह परिहार महा सचिव दीपक कुमार उपाध्यक्ष संजीव कुमार कोषाध्यक्ष प्रभात रंजन एवं संजय कुमार शर्मा प्रदेश प्रवक्ता पाकुड़ जिले में संगठन विस्तार एवं संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से पाकुड़ जिले में एक बैठक सह वन भोज का आयोजन हिरणपुर के परगणा नदी में पुर्व के निर्धारित समय के अनुसार अयोजित की गई थी इस बैठक में पाकुड़ जिले के सभी प्रखंडों से पत्रकार एकत्रित हुए एवं महासचिव दीपक कुमार के बातो को गंभीरता पूर्वक सुने उन्होंने बताया की हम सब एक जुट होकर इस IFWJ के संगठन को मजबूती से खड़ा करेंगे इसमें आप सभी की एक जुटता अति आवश्यक है पत्रकार की कोई जात धर्म नहीं बल्कि पत्रकार एक जात है इस पर किसी तरह का आंच आने पर IFWJ



आपके साथ है पाकुड़ जिले में कुछ हों तो इसकी गूंज राज्य से लेकर केंद्र सरकार तक पहुंचने में देर नहीं लगेगी इस संगठन का विस्तार केवल भारत ही नहीं विदेशों में भी इस IFWJ के सैकड़ों सद्स्य है इस IFWJ के गठन 28अक्टूबर 1950 को हुई और इसके वर्तमान केंदीय प्रेसिडेंट के० बिक्रम राव है इस क्रह्हख से पत्रकार को एक जुट ओर सुविधा उपलब्ध कराए जाने को हर संभव प्रयास करते हैं इस पर प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सिंह परिहार ने कहा कि आई. एफ. डब्लू. जे. आपके हर संभव हर आपके साथ है बारी बारी से उपाध्यक्ष. कोषाध्यक्ष. प्रदेश प्रवक्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमे किसी प्रेस क्लब या अन्य संगठन से कोई शिकवा गिला नही है संगठन अलग है और प्रेस क्लब अलग है इस IFWJ की संगठन पुरे भारत में है जबकि अन्य प्रेस संगठन इनके बहुत पीछे सक्रिय हुई हैं इस बैठक में पाकुड़ जिले के सभी पत्रकार कई बडे. भाई पत्रकार को छोड़ कर सभी ने अपना समर्थन क्रह्हख को दिया इसमें मुख्य रूप से अविनाश मंडल. ब्रेजेश पाठक. राजू ठाकुर. यासिर अराफात. प्रशांत मंडल. राधेश्याम रविदास. जितेंद्र रविदास. गुंजन आनंद. सुबल यादव. पंकज भगत. अभिषेक भगत. बाबुल कुमार. कमल कांत पांडेय. श्री रामभगत. अमर कुमार भगत. तारक नाथ भगत. प्रीतम सिंह यादव. बलराम ठाकुर. अहसान आलम. अमित कुमार दास. उपस्थित थे बैठक में सभी पत्रकार की समस्याओं और उनके विरूद्ध हुई कई झूठे मुकदमे एवं संगठन का संचालन पूर्ण रूप से करने के लिए ज़िला कमिटी की घोषणा सर्व सम्मति से तय हुई पाकुड़ संगठन के लिए ज़िला अध्यक्ष की घोषणा सर्व सम्मति से सभी सदस्यो ने एक मत से अमित कुमार दास को नामित किया ज़िला उपाध्यक्ष के पद पर अहसान आलम ज़िला सचिव के पद पर श्री राम भगत. ज़िला कोषाध्यक्ष के पद पर जितेंद्र रविदास मीडिया प्रभारी के पद पर तारक नाथ भगत और अमर भगत को नामित किया गया महा सचिव के पद पर प्रीतम सिंह यादव संगठन मंत्री के पद पर बलराम ठाकुर . सलाहकार के पद पर अभिषेक तिवारी एवं कार्य कारिणी सद्स्य में सभी सदस्यों को नामित किया गया है इस संगठन के बैनर तले सभी ने एक स्वर में कहा कि हम आज शपथ लेते हैं की इस संगठन के हित में कार्य करेंगे और अपने हक अधिकार रक्षा स्वतन्त्रता की लड़ाई में पीछे नहीं रहेंगे साथ साथ कई बातों पर जोरदार बहस भी हुई की कई माफिया पत्रकार अधिकारी को गुमराह करके भड़काने की कोशिश करते हैं सावधान हो जाएं उन्हे एक चेतावनी दी जा रही है इस संगठन में शामिल सदस्यो के विरूद्ध टीका टिप्पणी करने से परहेज करें यह संगठन पत्रकार हित को लेकर पाकुड़ में संगठन को मजबूती प्रदान की है पत्रकार को एक जुट होकर लड़ाई लड़ने का समय है

# भागलपुर के रियाइसी इलाके में 20 दुकानें जलकर हुई खाक

**गौतम सुमन गर्जना** – भागलपुर : शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के समीप उल्टा पूल के नीचे रियाइसी इलाके के सब्जी मंडी में देर रात भीषण आग लग गई, इस आग की चपेट में 20 दुकान से ज्यादा जलकर राख हो गए। जब तक आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची, तब तक 20 से 25 दुकानदारों का लाखों रुपए का नुकसान हो चुका था। देखते ही देखते आग की लपटें इतनी तेज हो गई कि वह 20 दुकानों को अपने चपेट में ले लिया।जहां दुकानदारों के दुकान में रखे लाखों के समान जलकर खाक हो गए। वहीं कई दुकानदार की जमा पूंजी भी उस दुकान में रखी हुई थी, वह भी आग की लपेटों में धू-धू कर जल गई। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम घटनास्थल पर पहुँची और घण्टों मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया। यह घटना तकरीबन रात के डेढ़ बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शि ने कहा- अगर तत्परता नहीं दिखाई जाती तो जल जाते 200 दुकानें : प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह आग शार्ट सर्किट से लगी है। लोगों ने बताया कि पहले एक दुकान से धुआं होते हुए देखा गया और फिर देखते ही देखते आग की लपटें उस दुकान से निकलने लगी। जब तक उस आग पर काबू पाने की कोशिशें की गई, तब तक दूसरे दुकान में भी आग पकड़ लिया और इस तरह एक-एक कर 20 से 22 दुकानें जलने लगी। इस मौके पर प्रत्यक्षदर्शी गणेश पासवान ने बताया कि वह रेलवे के टंकी से पानी देकर बुझाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि वह आसमान छू रहा था। देखते ही देखते स्थिति काफी भयावह हो गई। पछुआ हवा चलने से आग की लपटें और भी तेज हो गई। फिर उसने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। विदित हो कि जहां पर आग लगी थी, वहां से लगभग 1 किलोमीटर की दूरी पर ही अग्निशमन केंद्र स्थापित है लेकिन सूचना देने के बावजूद दमकल वाहन को मौके स्थल पर पहुंचने में 40 मिनट लग गया।

# कैंसर मरीजों को कीमोथेरेपी और दर्द से राहत देने के लिए मायागंज अस्पताल में बनेगा सेंटर

**गौतम सुमन गर्जना**

भागलपुर : कैंसर मरीजों को कीमोथेरेपी व दर्द से राहत देने के लिए मायागंज अस्पताल में पैलिएटिव व कीमोथेरेपी सेंटर अब बनने का रास्ता तैयार हो गया है.होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर मुजफ्फरपुर की भागलपुर यूनिट द्वारा चलाए जाने वाले इस सेंटर के लिए मायागंज अस्पताल में एक बिल्डिंग का चयन हो गया है. इस बावत जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज सह मायागंज अस्पताल के अधीक्षक डॉ० असीम कुमार दास ने बताया कि सेंटर के लिए जीविका दीदियों के लिए बनाए गये भवन का चयन हो चुका है. ऑक्सीजन प्लांट के पीछे कोरोना मरीजों के लिए बन रहा फैब्रिकेटेड अस्पताल तैयार होने पर तत्काल कीमोथेरेपी व पेलिएटर सेंटर को शिफ्ट किया जाएगा.सेंटर का निरीक्षण भी होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर मुजफ्फरपुर की टीम के डॉ० स्नेहिल



स्नेहा व डॉ० प्रशांत कुमार ने किया.जिसमें तय हुआ कि अभी छह बेड का पेलिएटिव डे केयर यूनिट व कीमोथेरेपी सेंटर का संचालन हो सकेगा.इसे तैयार होने में दो माह का वक्त लगेगा तो मार्च में यह तैयार हो जाएगा.इससे कैंसर मरीजों को दर्द कम करने का इलाज किया जाएगा.

# राजा पद्म सिंह की राजधानी पद्मा का स्वर्णिम इतिहास पुरातत्व विभाग के नजर से ओझल

**लदनियां / संवाददाता**

भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित मधुबनी जिले अंतर्गत लदनियां प्रखंड के पद्मा गांव के धरहरबाडीह जिसे गोनहीडीह नाम से जाना जाता है का स्वर्णिम इतिहास वर्षों बाद भी पुरातत्व विभाग के नजर से ओझल है। पद्मा कभी मिथिला के इतिहास में राजा पद्म सिंह के राजधानी के रुप में ख्याति प्राप्त पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में सरकार द्वारा कोई भी सार्थक पहल नहीं होने से लोगों में निराशा है। बताते चलें कि पद्मा गांव स्थित धरहरबाडीह मौजा पद्मा के खाता संख्या 563 खेसरा संख्या 3128 में अवस्थित है। जबकि उक्त खेसरा का कुल रकबा 1.78 डिसमल है। जिसमें 81 डी. जमीन बिहार सरकार के नाम से अभिलेख इंद्राज है।शेष भूमि को रैयतों के नाम से वितरित कर दिया गया है। अभिलेख जांच से ही



सच्चाई सामने आयगा। आखिर किस परिस्थिति में लोकभूमि की बन्दोवस्ति की गई। ऐतिहासिक धरहरबाडीह के सम्बंध में मिथिला महात्म, मैथिली साहित्य दर्पण, मिथिला दिग्दर्शन, मैथिली साहित्यक इतिहास सहित बिहार ग्रन्थ राज्य अकादमी पटना से प्रकाशित डॉ. बजरंग वर्मा ने विद्यापति दर्शन नामक पुस्तक में स्पष्ट उल्लेख मिलता है। पं. दुर्गनाथ झा श्रीश ने मैथिली साहित्यक इतिहास में धरहरबाडीह के सम्बंध में लिखा है। वैसे कई विद्वानों ने अपने आलेख में पद्मा गांव का नामकरण राजा शिव सिंह के भाई पद्म सिंह के शासनकाल में उनकी रानी पद्मावती के नाम पर किया गया है। उक्त डीह के दक्षिण में डेंगराही पोखरा है। लोगों का कहना है कि उक्त पोखरा में राजघराने के लोग जलक्रीड़ा करते थे। राजा पद्म सिंह के शासनकाल में राजा शिव सिंह के साथ महाकवि विद्यापति ठाकुर पद्मा गांव कई बार पदार्पण कर चुके थे। पद्मा योगिया गांव के बीच एनएच 227 ( 104 ) के सटे उत्तर में धौरी नदी का उद्गम है। उक्त नदी का नामकरण बाबा धौरब मुनि के नाम पर किया गया था। डॉ. इन्द्रशेखर झा ने उक्त डीह के सम्बंध में अपने लिखे पुस्तक मिथिला दिग्दर्शन में भी विस्तार पूर्वक लिखा है। डॉ. बजरंग वर्मा ने अपने पुस्तक विद्यापति दर्शन में उल्लेख किया है कि प्रसिद्ध राजा चन्दरकर के प्रभु अमृतधर ने अपने ईस्टेट गजरथपुर से हटाकर पद्मा नाम के स्थान पर ले गये। राजा शिवसिंह के भाई पद्म सिंह बड़े दानी और पंडित थे। पद्मा गांव के राजा पद्म सिंह के धरहरबाडीह पर कई अवशेष लोगों को मिले। जिस ओर पुरातत्व विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया गया। बिडंबना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मिथिलांचल में अधिकतर महती संबोधन में कहते हैं मिथिलांचल के विकास बिना बिहार का विकास संभव नहीं।बावजूद मिथिलांचल दर्जनों धरोहर खंडहर या जमीदोज हो रहे हैं। सरकार मौन है। इसी कड़ी में राजा पद्म सिंह का डीह पद्मा है।

## सबकी विकास सबकी योजना के तहत विशेष ग्रामसभा का किया गया आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो सेख समीम की रिपोर्ट**

नाला (जामताड़ा) : पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को प्रखंड के टेसजुरिया पंचायत भवन के सभागार में मुखिया चुनाई किस्कू के अध्यक्षता में सबकी योजना सबकी विकास अभियान के अंतर्गत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा के दौरान उपस्थित ग्रामीणों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वित्तीय वर्ष 23 -24 के लिए जीपीडीपी 2023 हेतु मनरेगा योजना अंतर्गत गाढवाल ,सिंचाई नाली, सिंचाई कूप ,पशु शेड ,तालाब निर्माण, तलाब मरामती आदि योजनाओं का चयन किया गया। साथ ही पीएम आवास, पेंशन ,ग्राम संगठन भवन की मांग, एलपीजी गैस, शौचालय, पीसीसी सड़क योजनाओं का भी चयन की किया गया। मौके पर पंचायत सचिव सरकार हेमब्रोम



रोजगार सेवक तापस मंडल स्वस्थ में ए एन एम कुमारी पूजा सहया साथी मौसीमा बीबी 'जेएसएलपीएस निशा सोरेन वार्ड सदस्य , बालक हांसदा सुबोध कुमार माजी मिरुली मुर्मू पूर्ब प्रोमुख जियाराम हेमब्रोम उपमुखिया कालू अली सावंग सेवक सुरंजीत मुर्मू सिंधु मरांडी प्रोभात बाउरी फेसिलीटर दीदी, और जल सहिया मीरा बीबीमुक्ता बीबी सखी मंडल दीदीयां के अलावे ग्रामीण उपस्थित थे।

## खराब जलमिनार के चलते पेयोजल की समस्या



**दैनिक शुभ भास्कर नाला प्रखंड से जगबंधु के रिपोर्ट**

नाला (जामताड़ा): नाला प्रखंड के मोरबासा पंचायत अंतर्गत ग्राम खैरबनी में बीते 6 महीने से खराब जल मीनार के चलते ग्रामीणों को पीने का पानी का किल्लत है जिससे ग्रामीणों को बहोत दिक्कत का सामना करना पढ़ रहा है, ग्रामीणों का कहना है की इस जल मीनार से लग भग 40 घर की पीने का पानी सप्लाई होता था, वर्तमान में जल मीनार खराब होने के चलते स्वच्छ पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है जिसके चलते बहोत सारे बीमारी होने का संभावना बढ़ सकता है,

ग्रामणी ने गुहार लगा रहा है की जल्द से जल्द इस जल मीनार को ठीक किया जय ताकि शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके उपस्थित ग्रामीणों से संदीप राणा ,भूत नाथ राणा ,सुहागी राणा ,संतोष राणा , देवा शीश घोष, हाबुल बाउरी ,धनंजय राणा आदि उपस्तित थे।

## कुंडहित मुख्यालय स्थित दो स्थानों पर उत्पाद विभाग ने मारा छापा



**दैनिक शुभ भास्कर अब्दुल रजाक रिपोर्ट**

कुंडहित (जामताड़ा): बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम द्वारा कुंडहित मुख्यालय स्थित 2 स्थानों पर छापेमारी की गई। अवैध शराब विक्रेता के घर पर छापेमारी उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर किशोर कुमार के नेतृत्व में की गई ।जानकारी के अनुसार उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब विक्रेताओं के घर पर की गई छापेमारी मे कुछ भी हाथ नहीं लग पाया है। जानकारी के अनुसार उत्पाद विभाग द्वारा कुंडहित मुख्यालय स्थित दो घरो में अवैध शराब बेचने वालो के घर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान अवैध शराब बरामद नहीं हुआ। गौरतलब है कि कुंडहित मुख्यालय के जिन दो घरों में छापेमारी की गई वहां के लोग पुलिस को देखते ही फरार हो गए। हांलाकि छापेमारी को लेकर क्षेत्र शराब विक्रेताओं में हड़कंप की स्थिति बन गई है।

## उप मुखिया ने की अलाव की व्यवस्था



कुंडहित (जामताड़ा) बढ़ते एवं कंपकपाते ठंड को देखते हुए कुंडहित प्रखंड के कुंडहित पंचायत के उपमुखिया चंदन लौह ने बुधवार को अपना वर्ड क्षेत्र पर अलाव की व्यवस्था की गई । अगल-बगल के दर्जनों लोगों ने मौके पर पहुंच अलाव का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि ठंड को देखते हुए चौक पर अलाव की व्यवस्था की है। भाजपा के जिला मंत्री बाबन नायक ने कहा कि इस कड़ी ठंड में हर वर्ष प्रशासन की ओर से प्रखंड के विभिन्न चौक-चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की जाती थी मगर इस वर्ष यहां कुछ नहीं किया गया। उपमुखिया द्वारा पंचायत में किए गए अलाव की व्यवस्था को सराहनीय कदम बताया। मौके पर हरिदास भंडारी, परमेश्वर कर, श्यामचंद मंडल, सुकेन बाउरी, संतोष मंडल , विश्वनाथ धीवर, आदि ग्रामीण उपस्थित थे

## सबकी योजना सबकी विकास के तहत कुंडहित पंचायत भवन में विशेष ग्रामसभा का हुआ आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर अब्दुल रज्जाक की रिपोर्ट ।**

कुंडहित (जामताड़ा): पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को प्रखंड के कुंडहित पंचायत भवन के सभागार में मुखिया विमला हंसदा के अध्यक्षता में सबकी योजना सबका विकास अभियान के अंतर्गत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा के दौरान उपस्थित ग्रामीणों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वित्तीय वर्ष 23 -24 के लिए जीपीडीपी 2023 हेतु मनरेगा योजना अंतर्गत गार्डवाल, सिंचाई नाली, सिंचाई कूप, पशु शेड, तालाब निर्माण, तालाब मरम्मती आदि योजनाओं का चयन किया गया। साथ ही पीएम आवास, पेंशन, ग्राम संगठन भवन, एलपीजी गैस,



शौचालय, पीसीसी सड़क आदि योजनाओं का भी चयन की किया गया। मौके पर पंचायत सचिव सदानंद मेहता, मनरेगा लिपिक रंजीत मरांडी उप मुखिया चंदन लौह, रोजगार सेवक अमर बाद्यकर, वार्ड सदस्य, जलसहिया ,फेसिलीटर दीदी, सखी मंडल दीदीयाओ के अलावे ग्रामीण उपस्थित थे।

## राजकुमार प्रिंस कि मेहनत से अब मोहनपुर में क्रिकेट अकादमी का होगा संचालन

**दैनिक शुभ भास्कर/अनिल कुमार**

मोहनपुरः कहते हैं कि किसी भी काम को करने के लिए जब जुनून हो तो सफलता जरूर मिलती है हम बात कर रहे हैं राजकुमार प्रिंस का जिन्होंने पूरे राज्य भर में क्रिकेट का एक अलग पहचान बनाया है। साथ ही उनका सोच था कि प्रखंड स्तर पर युवा खिलाड़ी प्रतिभा में कमी नहीं है बल्कि खेल मैदान ना होने के कारण प्रैक्टिस नहीं कर पाते हैं। इस बात को लेकर देवघर जिला क्रिकेट संघ और झारखंड राज्य क्रिकेट संघ की तरफ से उन्होंने लगातार मांग किया था कि प्रखंड स्तरीय क्रिकेट अकादमी संचालित किया जाए जो कि पूरी तरह से मुहर लग चुकी है अब प्रखंड स्तर पर स्टेडियम में क्रिकेट के लिए




प्रैक्टिस बहुत जल्द होगी ताकि आसपास बच्चे को प्रैक्टिस करने का मौका मिला सके एक समय था राजकुमार प्रिंस क्रिकेट खेलते थे ऐसे ताने और सवाल कई बार ऐसे रास्ते में आकर खड़े होते थे। लेकिन उसने कभी हौसला नहीं खोया, घर परिवार, समाज और आसपास के लोग क्या कहते हैं इससे कोई फर्क नहीं पड़ा वह बस अपने बैट और बॉल के साथ बीच पीच पर अड़ा रहा आज उसका मेहनत रंग ला चुका है वह कहते हैं कि अभी सफलता की ओर सीढ़ियां चढ़ना है अगर वह इसी तरह हौसले के साथ आगे बढ़ता रहा तो एक न एक दिन मंजिल खुद ब खुद उसके कदम चूमेगा। राजकुमार प्रिंस बताते हैं कि यह वह दौर था जब मुझ पर क्रिकेट का जुनून सवार था जब भी स्कूल से वापस आते तो जल्दी जल्दी घर का काम करने के बाद मैं क्रिकेट के गली मोहल्ले मैं क्रिकेट कई घंटों तक खेलते रहते थे।

## खाजुरी स्वास्थ्य उपकेंद्र में सहियाओं की हुई मासिक बैठक

**दैनिक शुभ भास्कर अब्दुल रज्जाक की रिपोर्ट**

कुंडहित (जामताड़ा):बुधवार को प्रखंड के खाजुरी स्वास्थ्य उपकेंद्र में सहियाओं की मासिक बैठक सीएचओ रंजीत कुमार योगी के अध्यक्षता में की गई । मौके पर बीटीटी अवध बिहारी राम मुख्य रूप से उपस्थित थे । बैठक के दौरान गैर संचारित रोग क्या है ? इस पर विस्तार पुर्वक चर्चा करते हुए बीटीटी अवध बिहारी राम के द्वारा बताया गया कि जो रोग छुआ छूत,हावा या पानी से फैलता है उसे संचारित रोग कहा जाता है और जो खान पान एवं दिन चरित ठीक नही रहने के कारण शरीर में पैदा होता है जैसे हृदय रोग ,बीपी, शुगर, कैंसर इत्यादि गैर संचारित रोग है। कहा की इन सब रोगों से बचने के लिए सभी सहिया अपने पोषक क्षेत्र के 30 वर्ष से अधिक उम्र वाले



व्यक्ति का सीबीएसी फार्म भरकर सीएचओ के पास जामा करेगी एवं उन लोगों का जांच करवाना सुनिश्चित करेगी। साथ ही आयुष्मान भारत कार्ड, भीएचएसएनसी, हेड काउंटिंग, एचबीएनसी एवं सहिया भुगतान पर चर्चा विस्तार पुर्वक किया गया। मौके पर सहिया साथी कृष्णा सिहं के अलावे साहिया गण उपस्थित थी।

## पानीटंकी में ट्रैफिक सीसीटीवी कैमरा निगरानी कक्ष का उद्घाटन

खोरीबाड़ी। यातायात उल्लंघन का पता लगाने और आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम में क्षेत्र की बेहतर निगरानी के लिए भारत-नेपाल सीमा के पास पानीटंकी में बुधवार को ट्रैफिक सीसीटीवी कैमरा निगरानी कक्ष का उद्घाटन किया गया। उक्त ट्रैफिक सीसीटीवी कैमरा निगरानी कक्ष का उद्घाटन दार्जिलिंग जिला पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कर्सियांग मनोरंजन घोष, एसडीपीओ अचिंत्य गुप्ता, ट्रैफिक डीएसपी अरिंदम अधिकारी, सीआई नक्सलबाड़ी सुदीप्त सरकार, डीआईओ इंस्पेक्टर ग्रामीण क्षेत्र पारन मंडल, खोरीबाड़ी थाना ओसी सुजीत दास, पानीटंकी पीपी ओसी अनूप वैद्य, खोरीबाड़ी ट्राफिक ओसी पीके राय व अन्य मौजूद रहे। इस दौरान बताया की यातायात उल्लंघन का पता लगाने और आपराधिक गतिविधियों की



रोकथाम में क्षेत्र की बेहतर निगरानी के लिए बुधवार को जिला पुलिस के द्वारा 13 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। साथ ही रात के लिए 10 ब्लिंकर लाइटें भी लगाई गई हैं। बताया की यह सीसीटीवी कंट्रोल ट्रैफिक और आम लोगों की सुविधा के लिए काम करेगा। इसके अलावा आने वाले दिनों में दो और अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

## क्रियेटिव क्रियेशन्स की लघु फिल्म - रैकेट

कोलकाता । एक समय था, जब लघु फिल्में किसी खास बौद्धिक वर्ग तक ही सीमित हुआ करती थीं, लेकिन बदलते समय के साथ पिछले कुछ दशकों से इन लघु फिल्मों ने हर परिधि से आने वाले दर्शकों को अपनी ओर खींचा है और अब तो कई मंचों से लघु फिल्मों के लिए विशेष महोत्सव आयोजित होने लगे हैं। इसी कड़ी में, वर्तमान युग की एक ज्वलंत व अत्यंत चिंतनीय विषय पर "क्रियेटिव क्रियेशन्स" के बैनर तले, निमार्ता निर्देशक नरेश चंद्र पांडेय अपनी प्रथम प्रस्तुति लेकर आ रहे हैं "रैकेट यह फिल्म उन भ्रष्ट चिकित्सकों की आर्थिक लोलुपता से उपजी विकृत बर्बरता को कठघरे में खड़ा करती है, जिन्होंने "अंग-प्रत्यारोण" जैसी जीवनदायिनी व्यवस्था को "अंग-तस्करी" में बदल डाला है और अपने कारण इस पवित्र पेशे को भी बदनाम कर रखा है। फि ल्म में बहुत ही कुशलता




पूर्वक यह समझाने की कोशिश की गई है कि "अंग प्रत्यारोपण" जीवन देने की पद्धति है, "अंगों का व्यापार करने के लिए नहीं। फिल्म की कथा-पटकथा व संवाद लिखे हैं श्री गोपाल मिश्र ने और तकनीकी पक्ष निखिल तुलसियानी (साउंड डिजाइन) और कमल किशमी (सिनेमाटोग्राफी) ने संभाला है। फिल्म में भूमिकाएं निभाई है रचना पांडेय, हनी खिलवानी, महेश खिलवानी, डॉ. सुनील सूर्यवंशी व अन्य कई साथी कलाकारों ने। मुख्य भूमिकाओं में रचना व हनी ने बहुत ही सशक्त अभिनय का प्रदर्शन किया है, मानों किरदारों को अपने वजूद में पिरो लिया हो। अन्य सभी ने भी अपनी-अपनी भूमिकाओं के साथ न्याय किया है।

## प्रतिबंधित कफ सिरप और नशीले



सिलीगुड़ी । सिलीगुड़ी अंतर्गत भक्ति नगर थाना की पुलिस ने अभियान चलाकर भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप और नशीले इंजेक्शन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम राकेश साहा है। मिली जानकारी अनुसार प्रतिबंधित कफ सिरप और नशीले इंजेक्शन को स्कूटी में छिपाकर बिक्री के उद्देश्य से उक्त युवक सिलीगुड़ी के पीसी मित्तल बस स्टैंड पहुंचा था। लेकिन इसकी भनक पुलिस को लग गयी। जिसके बाद भक्ति नगर थाना की सफेद पोशाक की पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान संदेह के आधार पर पुलिस में उक्त युवक और स्कूटी की तलाशी ली। तलाशी के दौरान स्कूटी के डिक्की से भारी मात्रा प्रतिबंध कफ सिरप और नशीले इंजेक्शन बरामद किये गये। जिसका बाजार मूल्य लाखों रुपये बताया गया है। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाई पश्चात एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार युवक को बुधवार को जलपाईगुड़ी अदालत में पेश किया गया है।

## देवजानी साधिका को पेंशनर समाज ने किया सम्मानित

**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा**

झारखंड राज्य पेंशनर समाज के जिला शाखा के द्वारा पुराना कोर्ट स्थित कार्यालय में सेवानिवृत्त शिक्षक कंचन गोपाल मंडल की पुत्री देवजानी साधिका को नीट 2022 में सफल होने पर फूल माला और एप्रन पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही मेडिकल किट भी प्रदान किया। विदित हो कि जामताड़ा जिला अंतर्गत फतेहपुर प्रखंड के जामजुड़ी पंचायत अंतर्गत बेलबोराई गांव की देवजानी साधिका नीट-2022 की परीक्षा मे बेहतर परिणाम प्राप्त कर जे सी ई सी ई द्वारा आयोजित मेडिकल प्रवेश काऊनसेलिंग के प्रथम राउंड मे ही झारखंड के सरकारी मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल,पलामू में प्रवेश मिल गया है। इनका पिता कंचन गोपाल मंडल सेवानिवृत शिक्षक -



सह- साईंस फार सोसाईटी,जामताडा के सचिव है।देवजानी साधिका के एम बी बी एस कोर्स में दाखिला मिलने से झारखंड राज्य पेंशनर समाज के जिला शाखा ने ढेरों शुभकामनाएं दी। पेंशनर समाज में पुराना कोर्ट स्थित कार्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित कर ह्वाइट कोर्ट (एपरन) पहनाया और मेडिकल किट प्रदान किया। विदित हो कि देबजानी सारिका ने नीट 2022 की परीक्षा में बेहतर परिणाम प्राप्त करने पर जेसीईसीई द्वारा आयोजित मेडिकल प्रवेश काउंसलिंग के प्रथम राउंड में ही झारखंड के मेडिकल कॉलेज अस्पताल पलामू में प्रवेश ले लिया है। देबजानी साधिका के सेवानिवृत्त शिक्षक पिता कंचन गोपाल मंडल जामताड़ा में कार्यरत थे। वे यहीं से सेवा निर्मित हुए। मौके पर पेंशनर समाज के प्रभारी अध्यक्ष सुजीत कुमार घोष, कोषाध्यक्ष अशोक चंद्रा, कंचन गोपाल मंडल, चंडीदास पुरी, जय देव खां, परेश घोष, अनिल कुमार सिंह, तारा पद खां, हिरणमय तिवारी, वीरेन मंडल, मंटू गोराई सहित अन्य लोगों ने दिव्यानी की सफलता पर ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए उसकी उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मंत्री चंपई को समाजसेवी चमेली देवी ने मांगपत्र सौंपा

**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा।**

झारखण्ड सरकार के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन बुधवार को जामताड़ा में आयोजित बीस सूत्री की बैठक की अध्यक्षता करने पहुँचे। इस दौरान जामताड़ा परिसदन में विष्णु भैया मेमोरियल फाउंडेशन की मुख्य संरक्षक चमेली देवी ने उनसे मिलकर विभिन्न माँगों से संबंधित माँग पत्र सौंपा। इस मौके पर जानकारी देते हुए चमेली देवी ने कहा कि बीस सूत्री प्रभारी मंत्री चंपई सोरेन पिछले वर्ष वीरगाँव नौका त्रासदी के वक़्त जामताड़ा आये थे और पीड़ितों के आश्रितों को मुआवजा दिया था। साथ ही वीरगाँव पुल निर्माण का आश्वासन दिया था। जनसंपर्क में जब भी मैं उस इलाके में जाती हूं तो लोग पुल के बारे में पूछते है। इसको



देखते हुए पुनः एक आवेदन देकर वीरगांव पुल निर्माण के लिए आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इस पुल के निर्माण से जामताड़ा वासियों के जमशेदपुर, चाईबासा और उड़ीसा के लिए मार्ग सुगम हो जाएगा। जिससे यहाँ के विद्यार्थियों और व्यापारियों को सुविधा होगी। इसके साथ ही जामताड़ा रेलवे साइडिंग द्वारा प्रदूषण नियंत्रण में बरती जा रही लापरवाही व जर्जर हो चुके वाहनों से कोयले की ढुलाई के विषय पर भी कार्यवाही के लिए आग्रह की हूँ। जिसपर मंत्री ने मंत्रिपरिषद की बैठक में इन बातों को रखने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह झारखण्ड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष श्यामलाल हेम्ब्रम, जिला बीस सूत्री सदस्य प्रदीप मंडल, साकेश सिंह, विजय राउत आदि उपस्थित थे।

## ईओ कुमावत बेस्ट ऑफिसर अवार्ड से सम्मानित



लक्ष्मणगढ़। फर्स्ट इंडिया न्यूज चैनल द्वारा एस एस मोदी विद्या विहार स्कूल में आयोजित" झुंझुनूं रत्न "सम्मान समारोह में बीदासर निवासी मुकुन्दगढ़ अधिशाषी अधिकारी रामनिवास कुमावत को झुंझुनूं सांसद नरेंद्र खीचड़,जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी,फर्स्ट इंडिया के एडिटर जिनेंद्र सिंह शेखावत द्वारा बेस्ट ऑफिसर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। कुमावत को उक्त पुरुस्कार उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया है ।इस दौरान पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा,वरिष्ठ नेता राजेंद्र भांभू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।